आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 313, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14

लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



बुधवार को अनंतनाग के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचे तीर्थ यात्री।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किमी) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## शेख हसीना को छह महीने की जेल की सजा

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अदालत की अवमानना मामले में दोषी करार

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत के अंश की समीक्षा के बाद यह आदेश पारित किया। फोन पर बातचीत के अंश पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। पिछले साल अगस्त में पद छोड़ने के बाद से यह पहली बार है जब 72 वर्षीय नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है। ऑडियो क्लिप में अपदस्थ प्रधानमंत्री को गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील अकंद बुलबुल से कथित तौर पर ये कहते सुना जा सकता है कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। न्यायाधिकरण ने बयान को अवमाननापूर्ण और अदालत को कमजोर करने का सीधा प्रयास माना।



- प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील बुलबुल को भी सजा

### आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी सजा

न्यायाधिकरण ने प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता बुलबुल को भी दोषी ठहराया और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि सजा की अवधि उनकी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी। पिछले साल पांच अगस्त को देश में छात्रों के नेतृत्व वाले एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें ढाका छोड़कर जाना पड़ा था। हसीना के पद से हटने के बाद 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था।

## एक नजर

### पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सूचना के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

### धन शोधन के मामले में सीए को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल से जुड़े 1,460 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन में कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने कहा कि अनंत कुमार अग्रवाल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य की जांच के सिलसिले में 25 जून को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था।

## नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

- 2000 करोड़ रुपये एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति
- यंग इंडिया में हिस्सेदार हैं सोनिया और राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।

एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए ''फर्जी लेनदेन'' में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए।



### भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने दर्ज कराई थी वर्ष 2012 में शिकायत

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### 50 लाख रुपये में यंग इंडिया को बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

### 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

नई दिल्ली, एजेंसी


प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है।

### साइबर धोखाधड़ी में जामताड़ा से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10 .80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है।



### दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज हुआ था मामला

दिल्ली के पालम निवासी केसी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588 .82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे।

## सीआरआई फंड से उप्र में होगा 10 सेतुओं का निर्माण

- बढ़ेगी कनेक्टिविटी, लोकनिर्माण विभाग ने तैयार किया खाका
- केंद्रीय निधि का उपयोग कर 1,111 करोड़ लागत से होंगे कार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एक्सप्रेसवे स्टेट का स्वरूप ले रहे उत्तर प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक खाका तैयार किया गया है जिसके तहत सेतु बंधन की 10 परियोजनाओं को 1,111 करोड़ की लागत से पूरा करने की तैयारी है। इस योजना के जरिए जिन सेतुओं का निर्माण होना प्रस्तावित है उसमें मुख्यतः रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) और रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सीआरआई फंड से मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्यों को पूरा करने की तैयारी है।

दरअसल, सीआरआई फंड के इस्तेमाल से लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में जिन 10 आरओबी व आरयूबी के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पर काम किया जाना है उसे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि कार्यों के चयन का निर्धारण टीयूवी व उपयोगिता के आधार पर किया जाता है। टेन व्हीकल यूनिट्स (टीयूवी) लेवल क्रॉसिंग गेट्स के वर्गीकरण में इस्तेमाल होने वाला एक टर्म है। यह दर्शाता है कि एक दिन में औसतन कितनी ट्रेनें और यातायात वाहनों का उस सेक्शन से आना-जाना होता है। ऐसे में, सेतुओं के निर्माण में उन सेक्शंस पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है जिनकी टीयूवी संख्या अधिक है और इसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर कार्य हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 1,111 करोड़ की लागत से 10 सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी गई थी, जिस पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में कार्य होना प्रस्तावित है। इनमें से प्रत्येक सेतुओं के निर्माण में 50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी और इनके पूरा होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण भी होगा

केंद्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि का इस्तेमाल प्रदेश में सेतु और मार्गों के निर्माण में किया जाना है। इसको लेकर भी लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, भारत सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 136 करोड़ की लागत से कार्यों को पूरा करने का अनुमोदन किया गया था जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूरा किया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत मुख्यत: मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, बाइपास व रिंग रोड निर्माण तथा राष्ट्रीय मार्ग के समानान्तर सर्विस मार्गों के निर्माण जैसे कार्य किए जाते हैं।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

विधि संवाददाता, लखनऊ



- बच्चों की याचिका पर कोर्ट आज करेगी सुनवाई

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है। साथ ही विलय से छोटे बच्चों के स्कूलों से दूर हो जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। याचिका में प्राथमिक स्कूलों की चल रही उक्त विलय की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की गुजारिश की गई है।

## हवा में उखड़ा विमान की खिड़की का फ्रेम

मुंबई, एजेंसी

- गोवा से पुणे जा रही थी स्पाइस जेट की फ्लाइट

गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइंस की तरफ से बुधवार को कहा गया कि अगले (पुणे) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया।

एयरलाइन ने कहा कि क्यू400 विमान में से एक की कॉस्मेटिक (आंतरिक) खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि पूरी उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने कहा कि जो हिस्सा उखड़ गया था, वह एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसे छाया के उद्देश्य से खिड़की पर लगाया गया था।




## पीक ऑवर में दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

- केंद्र सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा, ताकि डेड माइलेज की भरपाई की जा सके। इसमें बिना यात्री के तय की गई दूरी, यात्रा वाली दूरी और यात्री को लेने के लिए उपयोग किया गया ईंधन शामिल है।

## पत्नी और बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, उन्हें सम्मान से वंचित करना

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी, अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को 'अंतरिम भरण-पोषण' आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है।




एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं।

हालांकि, न्यायमूर्ति शर्मा ने नाबालिग बेटी के लिए दी जाने वाली राशि घटाकर 17,500 रुपये प्रतिमाह कर दी, जबकि पत्नी के लिए दी जाने वाली राशि को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि पति अपनी नियमित आय और संसाधनों के बल पर सुरक्षित शांति से सोता रहा, जबकि अलग रह रही पत्नी चुपचाप पीड़ा झेलती रही, अनिश्चितता और चिंता से जूझती रही कि अगर यह राशि समय पर नहीं दी गई, तो वह अपनी बुनियादी जरूरतों को कैसे पूरा करेगी। अदालत ने कहा कि यद्यपि याचिकाकर्ता (पति) का तर्क है कि केवल एक महीने का भरण-पोषण बकाया है, प्रतिवादी (पत्नी) पर इस तरह की देरी के प्रभाव को कम करके आंका नहीं जा सकता है।

### भरण-पोषण देना कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

### एक दिन की देरी भी होती है कठिनाई का कारण

अदालत ने कहा कि वास्तविकता यह है कि बुनियादी खर्चों पर एक दिन की अनिश्चितता भी प्रतिवादी के लिए संकट और कठिनाई का कारण बनती है, जो अपने जीवनयापन और नाबालिग बच्चे के भरण-पोषण के लिए पूरी तरह से इसी राशि पर निर्भर है। आदेश में कहा गया है कि भरण-पोषण का उद्देश्य सम्मान के साथ जीने और भोजन, आश्रय, कपड़े, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी खर्चों को पूरा करने के उनके अधिकार की रक्षा करना है।

# खर्च करने में कंजूसी, 11 सचिवों के वेतन आहरण पर लगाई रोक

## 15वां और 5वां वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायत और विकास अधिकारी बरत रहे लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव के विकास कार्यों में खर्च करने में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी कंजूसी बरत रहे हैं। इस वजह से 11 सचिवों के जून के वेतन आहरण पर रोक लगा दी गई है। डीएम के निर्देश पर यह कार्रवाई डीपीआरओ व डीडीओ ने की है।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने जारी किए पत्र में कहा है कि 15वां वित्त आयोग में जिलेभर के सभी ब्लॉकों में 91 लाख रुपये और 5वां वित्त आयोग में 66 लाख रुपये अब भी खर्च होना बाकी हैं। डीपीआरओ का कहना है कि यह बात 30 जून को समीक्षा के दौरान सामने आई। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के जरिए पंचायतों की ओर से किए जा रहे भुगतान की समीक्षा हर रोज हो रही है। जिसमें सीएम डैशबोर्ड में बची धनराशि 26 जून तक 98 फीसदी खर्च करने के निर्देश दिए थे लेकिन सचिवों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस वजह से डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने लापरवाह सचिवों का जून का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उसी के तहत डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारियों का वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन डीडीओ की ओर से रोका गया है।

### 15वां वित्त आयोग में खर्च करने में इन्होंने बरती हीलाहवाली

- ब्लॉक गुगरापुर के इब्राहिमपुर बांगर के ग्राम विकास अधिकारी दीपक कुमार
- कन्नौज ब्लॉक के मेहंदीपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश चंद्र
- उमर्दा विकास खंड के सुखी के ग्राम विकास अधिकारी सचिन वर्मा
- जलालाबाद ब्लॉक के नदसिया की ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह
- सौरिख ब्लॉक के नगला खेमकरन के ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील बाबू
- हसेरन ब्लॉक के अरुहो के ग्राम विकास अधिकारी संजय पटेल
- छिबरामऊ विकास खंड के डालूपुर सुल्तानपुर के ग्राम विकास अधिकारी योगेंद्र सिंह
- विकास खंड तालग्राम के मुंडाला के ग्राम विकास अधिकारी गिरजेश तिवारी

### 5वां वित्त आयोग में बजट खर्च में सुस्ती पर कार्रवाई

- विकास खंड कन्नौज के मेहंदीपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश चंद्र
- जलालाबाद ब्लॉक के अलीनगर, अटारा निस्फ तिवारी, बछ्ज्जापुर, बनपुरा नरायनपुर, गदनपुर ठठिया, मतौली व रुदौली के ग्राम विकास अधिकारी विनीत कुमार
- ब्लॉक हसेरन के अरुहो के ग्राम विकास अधिकारी संजय पटेल
- सौरिख ब्लॉक के डडौना के ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील बाबू
- छिबरामऊ विकास खंड के कसावा के ग्राम विकास अधिकारी संजय शर्मा
- गुगरापुर ब्लॉक के इब्राहिमपुर बांगर के ग्राम विकास अधिकारी दीपक कुमार
- तालग्राम विकास खंड के ऊंचा की ग्राम विकास अधिकारी शिवांगी गुप्ता

## एक नजर

### पुत्र से मारपीट कर जेवरात व नगदी उड़ाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अनौगी के ग्राम बदलेपुर्वा निवासी मंदाकिनी पत्नी राकेश चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 01 जुलाई की रात करीब 02 बजे पड़ोस के ही चार लोग उसके घर में घुस आए और उसके बेटे राहुल से गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और उसके बक्से में रखें करीब 80 हजार रुपये व जेबरात लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भाई बहन सहित मां को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम टपकापुर निवासिनी अनीता देवी पत्नी महेंद्र पाल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 28 जून की रात करीब 9 .45 बजे गांव के ही एक युवक ने गाय के विवाद को लेकर उसके पुत्र अमन के साथ गाली गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। उसने व उसकी पुत्री दीक्षा ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने उन्हें भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप



अमरनाथ यात्रा को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### जयकारों संग बाबा बर्फानी को रवाना हुए श्रद्धालु

**तिर्वा।** कस्बा तिर्वा से श्रद्धालुओं का एक जत्था अमरनाथ यात्रा के दूसरे चरण में शामिल होने के लिए रवाना हुआ है। कस्बा निवासी धीरज गुप्ता, मयंक गुप्ता, सोनी राठौर, नीरज चक्रवती, शंकर, शांतनु गुप्ता व अन्य बुधवार की सुबह जयकारों के बीच यात्रा पर निकले। श्रद्धालुओं को लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं और उनके सकुशल यात्रा पूरी कर बाबा बर्फानी के दर्शन की कामना की। इस अवसर पर डॉ. सुधीर गुप्ता, संजय गुप्ता, दादा गुप्ता, राजू गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

### ऑटो रिक्शा चालक को जमकर पीटा, रुपये छीनने का भी आरोप

**सौरिख, कन्नौज।** टो रिक्शा में सवारी लेकर छोड़ने जा रहे चालक को पड़ोसी गांव के दबंगों ने रास्ते में घेरकर जमकर पीटा और रुपये छीनकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों और गांव वालों के साथ पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के बिलंदपुर निवासी सचिन दिवाकर पुत्र राकेश चन्द्र दिवाकर ऑटो रिक्शा चलाता है। मंगलवार शाम साढ़े छह बजे सवारी लेकर गांव बिलंदपुर जा रहा था। रास्ते में ढकापुरवा गांव निवासी कुछ लोगो ने ऑटो रिक्शा रोक लिया। जातिसूचक गालियां देते हुए जमकर पीटा और 440 रुपये छीन लिए। राहगीरों ने ललकारा तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। बुधवार सुबह गांव के कई लोगों के साथ सचिन ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### संचारी रोग नियंत्रण विशेष सफाई अभियान शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगरपालिका चेयरमैन के निर्देश पर नगर के सभी वाडों में 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। चेयरमैन मनोज दुबे ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा बरसात के मौसम में लापरवाही के कारण मलेरिया व डेंगू आदि संचारी रोग किसी को भी हो सकते हैं लेकिन सावधानी बरतने से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा अभियान के दौरान सफाई व चूने के छिड़काव के साथ हर मोहल्ले में सैनिटाइजेशन का काम खास तौर पर किया जाएगा। नगर पालिका कैंपस से प्रारंभ हुई रैली नगर की आवास विकास कालोनी में लोगों को जागरूक करते हुए निकली। इसमें सफाई निरीक्षक अमरदीप सहित समस्त सफाई नायक, सभासद व पालिका कर्मचारी शामिल रहे।



अमरनाथ यात्रियों को रवाना करते भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रियों को स्वागत कर किया रवाना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अमरनाथ यात्रियों का नगर में स्वागत कर धूमधाम से भ्रमण कराया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर व आरती वंदना कर यात्रियों को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। मंगलवार की रात नगर के तिर्वा रोड से बाबा अमरनाथ वर्फानी सहित अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए लगभग 55 यात्री बस द्वारा रवाना हुए। जिनका भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इससे पहले तीर्थ यात्रियों व स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर आरती वंदना की। इसके बाद नगर के तिर्वा, जीटी रोड, चकोर गली से संतोषी माता मंदिर तक भक्तों ने भ्रमण किया आयोजक बबलू गुप्ता ने बताया कि 09 जुलाई को यात्री नगर लौटेंगे। इस दौरान शिवा गुप्ता, दीपक गुप्ता, भईयालाल दुबे, सचिन गुप्ता, प्रशांत, रचित, बलराम त्रिपाठी आदि रहे।

### गैस पाइप लाइन डालने वाली कंपनी का सामान जब्त

**कन्नौज।** नगर पालिका परिषद के ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड शहरी गैस वितरण परियोजना, यूपी क्लस्टर महालक्ष्मी टॉवर, सिविल लाइन, बरेली को नगर क्षेत्र में भूमिगत पाइप लाइन डालने के लिए 12 दिसंबर 2023 में अनुमति दी गई थी। शर्तों के तहत कार्य को 31 मई 2025 तक पूरा करना था। निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं किया गया और जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए जिसमें अक्सर मवेशी व वाहन फंस जाते हैं। गड्ढे बंद करने की चेतावनी दी गई लेकिन ध्यान नहीं दिया। इसको लेकर प्रतिनिधि को बुलाया गया लेकिन नहीं आए। 1 जुलाई को शाम 6 बजे उन्होंने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। रात में फिर काम शुरू हो गया। जानकारी होने पर फर्म के वाहन, गैस पाइप लाइन व जनरेटर को जब्त कर लिया गया। कहा गया है कि खोदे व धंसे गड्ढे को सही करने के बाद ही पालिका से अनुमति मिलेगी और सामग्री वापस दी जाएगी।

### महिलाओं से छेड़छाड़ कर की अभद्रता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ले के ही एक युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला के दरवाजे पर आकर अभद्रता करता है। दूसरे मामले में महिला ने भी गांव के ही युवक पर भद्रता कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। दोनों मामलों में कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक से लोन दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी

**कन्नौज।** लोन दिलाने के नाम पर महिला से 45,000 रुपये की नकदी के अलावा तीन लाख रुपये का चेक ले लिया। लोन दिलाया न ही रुपये व चेक वापस कर रहे। मांगने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर कटरी निवासी काजल पत्नी श्याम जी ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसे रुपये की बहुत जरुरत थी। इसी लिये रिश्तेदार भवानीपुर अनौगी निवासी व्यक्ति जो अपने को एजेंट बताकर लोन दिलाने के लिये सभी प्रपत्र लिये। इसके बाद एक तीन लाख रुपये का चेक 22000 नकद व 23,000 रुपये फोन के माध्यम संबंधित के खाते में ट्रांसफर किये। इस के बाद आज तक कोई लोन उसे नहीं दिलाया गया। जब लोन नहीं हुआ तो पति ने संबंधित को फोन कर रुपये व चेक मांगे तो वह गाली देने। दोबारा फोन करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।





जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

## नव प्रवेश के लिए ग्रामीणों व अभिभावकों को किया प्रेरित

संवाददाता जलालाबाद कन्नौज

- स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर गांवों में किया भ्रमण

**अमृत विचार।** अंग्रेजी माध्यम प्राथ.विद्यालय अलीनगर में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में रैली का आयोजन किया गया।

बच्चों ने मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चल कर नाम लिखवाओ। कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है, शिक्षा है सबका अधिकार। आदि स्लोगन लिखी हुई तख्तियों को हाथों में ले करके क्षेत्र के ग्राम अलीनगर, रुदापूर्वा व गोहलौतनपूर्वा आदि के अभिभावकों व ग्रामीणों को नव प्रवेशो के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक किया। प्रधानाध्यापक अबधनारायण बताया कि रैली का आयोजन इस उद्देश्य से किया जा रहा है, कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 0 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग का कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित ना रह जाए। इस दौरान सुमन देवी, रीता, रिंकी, सरोजनी आदि मौजूद रहे।

## 242 पंचायत भवन में बनेगा डिजिटल पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गांव के आम नागरिकों व विद्यार्थियों को मिलेगी राहत
- डीएम बोले, 2 से 3 कक्ष वाले पंचायत भवनों में मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार।** जनपद के 242 पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालय शुरू किए जाएंगे। पुस्तक चयन समिति की ओर से पुस्तकें लाइब्रेरी में रखी जाएंगी जिससे आम जनमानस एवं विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त हो सकेगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में इसको लेकर बैठक की।

बुधवार को डीएम ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में 02 या 03 कक्ष हैं प्राथमिकता के आधार पर उन पंचायत भवनों पर पंचायत डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाएं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, जागरुकता और ज्ञानवृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। डीएम ने पुस्तकालय (लाइब्रेरी) स्थापित किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और संबंधित कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। पुस्तकालय में आईटी उपकरण लगाने की बात भी डीएम ने कही। जिसके तहत हार्डवेयर, नेटवर्किंग, कैमरे के साथ-साथ स्मार्ट एलईडी, टीवी, कम्प्यूटर, फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जाएगी। डीएम ने कहा कि पुस्तकालय में एनबीटी (नेशनल बुक ट्रस्ट) तथा किताबों की पूर्ति की जाएगी। साथ ही लोकल डिजिटल लाइब्रेरी में प्रकाशकों की पुस्तकें भी रखी जाएंगी।

## 'आवागमन के संसाधन बेहतर कर रही प्रदेश सरकार'

**कन्नौज।** प्रदेश सरकार नागरिकों के लिए लगातार आधारभूत सुविधाओं को विकसित कर रही है। सड़क के साथ आवागम के साधन बेहतर कर सरकार नई बसों का संचालन कर रही है। यह बात समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने रोडवेज बस स्टैंड सरायमीरा में ग्रामीण सेवा की बसों को रवाना करते समय कहीं।

उन्होंने कहा कि रोडवेज के बेड़े में जो नई बसें सामिल होंगी उसमें से पांच वातानुकूलित होंगी। कन्नौज से 5 साधारण नई बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह बसें कन्नौज, फर्रुखाबाद, बरेली, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, इटावा आदि जनपदों के लिए संचालित की गई है। जल्द ही डिपो को 18 नई बसें प्राप्त हो होगी। इस मौके पर एआरएम के अलावा विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

## आम महोत्सव में कन्नौज के किसानों की मेहनत दिखेगी

**कन्नौज।** जिले के कई किसानों की मेहनत लखनऊ के आम महोत्सव में दिखेगी। 4 से 6 जुलाई तक 3 आम प्रदर्शनी में देशभर के करीब 800 किस्मों के आमों को रखा जाएगा।

डीएचओ सीपी अवस्थी ने बताया कि आमों को एकत्र कर लिया गया है। 3 जुलाई को ही लखनऊ के अवध शिल्पग्राम अवध विहार योजना में इसे भेज दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शामिल होंगे। शहर के मोहल्ला पठकाना निवासी सुकेश पाठक, उदैतापुर निवासी योगेंद्र तोमर, करीमपुर निवासी रामनिवास, भाऊखुर्द के रामू, महेश चतुर्वेदी, कैलाश चतुर्वेदी व रमा चतुर्वेदी, राजकीय पौधशाला मानपुर कन्नौज, भवानीपुर प्रताप के अरविंद कटियार के बागों के आम लखनऊ की प्रदर्शनी में गुरुवार को पहुंच जाएंगे। आम्रपाली, फजली, सफेदा, दशहरी, चौंसा, अरुणिमा, स्वर्णरेखा, मल्लिका, सूर्या, पीतांबरा, हुस्नआरा, गुलाब खस, रामकेला, गोपालभोग, कटियार बंबई, कटिया जामुन, वनराज, व संसेशन वैरायटी एकत्र कर ली गई हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि सुकोमल सेन पत्नी सुबोधचन्द सेन हमारे मकान नं.– SS1/394 से.D1, L.D.A. कालोनी कानपुर रोड लखनऊ रकबा 36.75 Sq. मीटर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं मुख्तारनामा 4/10/1989 का क्रम सं. 1349 वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध माना जाये।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं JUHI UPADDHYAY पुत्री SATYA DEV UPADHAYAY निवासी निकट नशरा कैंपस लेखराज चौराहा जी 86 संजय गांधी पुरम इंदिरा नगर लखनऊ की रहने वाली हूं। मैंने अपना नाम बदलकर JUHI UPADHYAY रख लिया है। अब भविष्य में मैं अपने इसी नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

**सूचना**
मैं राज कुमार कसौंधन पुत्र स्व0 कृष्णा प्रसाद कसौंधन निवासी म0 नं0 – 180 खोवामण्डी शाहगंज थाना कोतवाली नगर परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर। मैंने दिनांक 25/06/2025 को जनपद सुलतानपुर में एक बैनामा जो कि जो मेरे नाम से था जिसकी पुस्तक संख्या 2 क्रमांक 230 पृष्ठ संख्या 51–72 क्रम संख्या 5987 दिनांक 16 /12/2002 कहीं खो गया है।

**सूचना**
मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह और पुत्रवधू मंजू यादव का चाल चलन खराब होने के कारण मैंने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे कोई लेन–देन तथा मुकदमेबाजी करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **फूलश्री पत्नी रामनरेश निवासी– सरैया चुंगी सैनिक विहार कालोनी, इटावा।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KHARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र रोल नंबर 2720960 वर्ष 2019 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 217175615 वर्ष 2021 वास्तव में खो गया है। **मनोज कुमार पुत्र घनश्याम निवासी नौवनपुरवा अरनवा, थाना खैरीघाट जिला बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने तीसरे पुत्र राघवेन्द्र कुमार मिश्र के खराब चाल चलन, आये दिन मुझसे व परिवार वालों से लड़ाई–झगड़ा करने, अपराधिक व घृणित कृत्यों में लिप्त रहने एवं मुझे शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से कष्ट पहुंचाने के कारण विवश होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये अपराधिक कुकृत्यों व घृणित कार्यो से मेरा व मेरे परिवार तथा रिश्तेदारों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **सत्यनरायन मिश्र पुत्र हनुमंत बलि साकिन बेहड़ा बैरिया पोस्ट कोड़हा थाना बौण्डी जिला बहराइच।**

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**आज का मौसम**

गुरुवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं।

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:09

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### करंट की चपेट में आने से युवती झुलसी

**कन्नौज।** ग्राम सिरसा निवासी एक युवती पंखे का बटन दबाते ही करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम सिरसा निवासी अर्चना पुत्री दीपू कुमार अपने घर में फर्राटा पंखे को चालू करने गई। स्विच दबाते समय करंट की चपेट में आ गई, जिससे गंभीर रूप से झुलस गई।

# बारकोड से जानें उपकेंद्र से बिजली कब मिलेगी

## शहरी क्षेत्र के एसडीओ ने उपभोक्ताओं को बिजली की जानकारी देने के लिये वाट्सएप ग्रुप बनाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- बिजली की खराबी होने पर मैसेज मिलेगा

**अमृत विचार।** अब बारकोड स्कैन कर आप जान सकेंगे कि संबंधित उपकेंद्र से बिजली कब मिलेगी। शहरी क्षेत्र के एसडीओ ने उपभोक्ताओं को जानकारी देने के लिये वाट्सएप ग्रुप बनाया है।

शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिये एक अच्छा खबर है। अब बिजली की खराबी पर विभाग की ओर से मैसेज दिया जायेगा। बिजली कब ठीक होगी यह भी जानकारी दी जायेगी। शहरी क्षेत्र के एसडीओ रचित शर्मा ने इसके लिए बार कोड जारी किये हैं। इसको स्कैन करते ही वाट्सएप ग्रुप में संबंधित उपभोक्ता को जोड़ दिया जायेगा। संबंधित उपभोक्ता जिस उपकेंद्र से बिजली की सप्लाई ले रहा होगा उसे उसी का बार कोड स्कैन करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता को मैसेज के माध्यम से बिजली की खराबी होने व ठीक होने में कितना समय लगेगा और कब आपूर्ति आ जायेगी, यह सभी मैसेज के माध्यम से जानकारी मिलेगी। एसडीओ ने इसके लिये शहरी क्षेत्र के पांच विद्युत उपकेंद्रों के बार कोड जारी किये हैं। इसी समस्या का समाधान करने के लिये उपभोक्ताओं के लिये बार कोड जारी किये गये हैं। इसे स्कैन करने के बाद उपभोक्ता ग्रुप से जुड जायेगा और सारी जानकारी वाट्सएप के माध्यम से मिलती रहेगी। ग्रुप बन जाने से संबंधित उपकेंद्रों के जेई ने भी राहत की सांस ली है।



एसडीओ रचित शर्मा।

शहरी उपभोक्ताओं के लिये जारी बार कोड

## नलकूप कनेक्शन के रुपये जमा, नहीं मिला सामान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पूर्ण जमा योजना के तहत निजी नलकूप का कनेक्शन लेने वाले 125 उपभोक्ता ट्रांसफार्मर समेत अन्य सामान के लिये बिजली स्टोर के चक्कर काट रहे हैं। इससे निजी नलकूप की लाइन चालू नहीं हो पा रही है।

जिले में फसलों की सिंचाई के लिये किसानों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसीके चलते सम्पन्न किसान निजी नलकूप का कनेक्शन लेते हैं। लंबी प्रक्रिया पार करने के बाद कनेक्शन मिलता है। इसके लिये उनको लाखों रुपये विभाग में जमा करना पड़ता है। किसान इस उम्मीद के साथ कनेक्शन लेते हैं कि रुपये जमा होने के बाद उनको विभाग की ओर से तत्काल ट्रांसफार्मर, पोल, तार व अन्य सामान दे दिया जायेगा। इस के बाद चंद दिनों में उनकी लाइन खिचने के बाद निजी नलकूप चालू कर दिया जायेगा। पर ऐसा नहीं हो रहा है। विभाग की मानें तो अभी 125 निजी नलकूपों के उपभोक्ताओं को न तो ट्रांसफार्मर मिला है न ही पोल और तार दिये गये हैं। इससे वह विभागीय स्टोर में चक्कर काट रहे हैं।



बिजली स्टोर में रखे ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

- महीनों से बिजली स्टोर के चक्कर काट रहे 125 उपभोक्ता

बिजली विभाग के उच्चस्तरीय अधिकारी यह भी ध्यान नहीं दे रहे हैं कि जब उपभोक्ता ने रुपये जमा कर दिये है तो उससे सामान तत्काल दे दिया जाना चाहिये। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा उनको भुगतना पड़ता है। रुपये जमा है पर स्टोर में सामान न होने की बात कह कर उनको लौटाया जाता है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि स्टोर में सीरियल नंबर के अनुसार सामान का वितरण किया जाता है। पहले आओ पहले पाओं के तहत सामान का वितरण किया जाता है।




Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## सार-संक्षेप

### बाढ़ राहत को 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम : एडीएम

**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी ने तहसील की राजस्व टीम के साथ गंगा के कटान वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ राहत प्रबंधों की जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने लगातार कटान तथा बढ़ते हुए जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरी गंगपुर व कासिमपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तटबंधों की स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है। बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है जिसमें मेडिकल टीम, आवश्यक दवाएं, नावें और अन्य संसाधन उपलब्ध है। बाढ़ की स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी लोग कटान के स्थान से दूर रहे। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्रीमती नवनीता राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधूरी व्यवस्थाओं के साथ विभाग को सौंपा पीएचसी भवन

**मानीमऊ।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन एनएचआई ने अधूरी व्यवस्थाओं के साथ विभाग को सौंप दिया है। इस बात का खुलासा मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में हुआ जब जमीन पर नंगे तार पड़े मिले और मरीजों के बैठने तक के इंतजाम नहीं पाए गए। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए प्रभारी को व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने मानीमऊ में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के भवन का निरक्षण किया। यहां पहले से बना स्वास्थ्य केंद्र हाईवे निर्माण के समय जद में आने से गिराया गया था। बचे पुराने कमरों में अस्पताल का संचालन हो रहा था जिस पर एनएचआई की तरफ से नए भवन का निर्माण कराया गया और करीब दो सालव बाद हाल ही में स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। सीएमओ ने निरीक्षण के समय पाया कि बिजली फिटिंग के बाद तार खुले छोड़ दिए गए जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही भवन के सामने जलभराव देख भी उन्होंने नाराजगी जताई। अस्पताल में मरीजों के बैठने की व्यवस्था भी नहीं की गई है। इस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर गुरुजसन सिंह को निर्देश दिया अस्पताल में जो कमियां हैं उनको तत्काल दूर कराया जाये।

### चेन खींचकर भाग रहे युवक को लोगों ने दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद चौराहे के पास महिला के गले से चेन छीनकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फर्रुखाबाद की एक महिला इटावा निवासी रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक जताने के बाद लौट रही थी। इस दौरान बेवर-छिबरामऊ पश्चिमी बाईपास पर उतरी। वहां से ई-रिक्शा लेकर फर्रुखाबाद जाने वाले रोड पर पहुंची। इसी दौरान एक युवक ने महिला के गले से चेन खींचकर भागने की कोशिश की। आसपास मौजूद लोगों ने भागते हुए युवक को देखा तो दबोच लिया। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

### धान, मक्का, बाजरा व तिल फसल का करा सकते बीमा

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जनपद में धान, मक्का, बाजरा एवं तिल की फसलों का बीमा होगा। किसान 1 से 31 जुलाई तक प्रीमियम दे सकते हैं। जागरुकता के लिए बाइक रैली को विकास भवन से सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि धान की एक हेक्टेयर फसल की बीमित राशि 98,400 रुपये है जिसके लिए किसान को 1968 रुपये प्रीमियम देना होगा। मक्का का प्रति हेक्टेयर फसल बीमा प्रीमियम 1352 रुपये लगेगा जिसकी बीमित राशि 67,600 रुपये है। बाजरा की बीमित राशि 43,700 रुपये और प्रीमियम 874 रुपये देना होगा। तिल की बीमित राशि 27,200 रुपये और देय प्रीमियम 544 रुपये निर्धारित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि कृषकों को फसल बीमा के लिए बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम धनराशि देय होगा। योजना की जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर जारी किया गया है। फसलों में क्षति होने पर किसान 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर पर क्षतिपूर्ति का दावा/ शिकायत कर सकते हैं। ऋणी कृषक अपनी संबंधित बैंक से संपर्क कर बीमा कराएं। गैर ऋणी कृषक अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बोआई घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ बैंक शाखा में जाकर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

### रिश्वत के आरोप लगाने की जांच करेगी कमेटी

**कन्नौज।** ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के खोजीपुर निवासी महिला ने जिला पंचायत राज कार्यालय के दो कर्मियों पर 20-20 हजार रुपये लेने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि जांच के लिए एडीओ पंचायत छिबरामऊ यशकरन सिंह, जलालाबाद के लक्ष्मीराज यादव व तालग्राम के रवि प्रताप को जिम्मेदारी दी गई है। खोजीपुर निवासी खुशबू ने कार्यालय के दो कर्मियों पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए हैं।

## 11 महीने से ड्यूटी से गायब निलंबित सचिव डीडी पंचायत के दरबार पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 22 अगस्त 2024 को निलंबन के बाद उमर्दा ब्लॉक मुख्यालय से कर दिया गया संबद्ध
- तीसरे रिमाइंडर में डीपीआरओ के पास पहुंची, तालग्राम एडीओ पंचायत कर रहे जांच

**अमृत विचार।** निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी संख्या यादव करीब 11 महीने से गायब चल रहीं थीं। डीपीआरओ की ओर से भेजे गए तीसरे अनुस्मारक (रिमाइंडर) पत्र के बाद वह डीडी पंचायत कानपुर के दरबार पहुंच गईं। उसके बाद डीपीआरओ से मिलीं। हालांकि विकास खंड उमर्दा में भी बुधवार तक नहीं पहुंचीं हैं।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने 17 जून को तीसरा अनुस्मारक पत्र निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी संध्या यादव को कानपुर के पते पर भेजा था। उसमें हवाला दिया गया कि डीएम के निर्देश पर 22 अगस्त 2024 को संध्या यादव को निलंबित कर उमर्दा से संबद्ध कर दिया गया। उसके बाद से वह गायब चल रहीं हैं। एडीओ पंचायत उमर्दा ने 16 मई को पत्र भेजकर अब तक ड्यटी से अनुपस्थित चलने की हकीकत बताई। 28 मई को निर्देश दिए गए कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहने, आरोप पत्र का जवाब न देने, मोबाइल स्विच ऑफ रखने, संपर्क न हो पान आदि का स्पष्टीकरण मांगा गया था। 17 जून तक कोई जवाब नहीं दिया गया। डीपीआरओ ने तीसरा अवसर देते हुए कहा कि उनके कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दिया जाए। 1 सप्ताह मंट जवाब न दिया गया तो माना जाएगा कि संध्या याव को कुछ नहीं कहना है।

साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी पद से बर्खास्त करने की प्रक्रिया चलेगी। डीपीआरओ ने बताया कि डीडी पंचायत कानपुर के यहां संध्या यादव पहुंचीं होंगी। वहीं से कन्नौज फोन किया गया। उसके बाद निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी ने कार्यालय पंचायती राज में आकर संपर्क किया है। बताया गया है कि मामले की जांच तालग्राम एडीओ पंचायत रवि प्रताप कर रहे हैं। एडीओ पंचायत उमर्दा संजय पाठक ने बताया कि संध्या यादव का फोन जरूर आया था लेकिन वह विकास खंड में रिपोर्ट नहीं की है।

### किसी पर अफसर तो कहीं नेताजी मेहरबान

आम कहावत है कि कई कर्मी ऐसे हैं जिन पर नेता या अफसर का हाथ जरूर होता है। इस वजह से वह मनमानी करते हैं। उनको पता होता है कि जवाब-तलब होगा या वेतन रुकेगा। इसके बाद फिर मामला ढर्रे पर आ जाएगा। आदत से मजबूर कर्मियों पर कोई खास कार्रवाई नहीं होती है। कागजी घोड़े दौड़ाकर प्रकरण कई कारणों से शांत कर लिया जाता है।

## पति को छोड़ दो बच्चों समेत महिला प्रेमी के साथ गई

**कन्नौज।** पति को छोड महिला प्रेमी के साथ दो बच्चों को लेकर चली गई। घर में रखी नकदी व जेवरात भी ले गई। शिकायत पति ने एसपी से की है। पति ने अपने ससुरालियों पर भी आरोप लगाया है।

सकरावा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुआँ निवासी संजीव कुमार पुत्र मोहन लाल ने एसपी विनोद कुमार को दिये शिकायती पत्र में कहा कि 09 अक्टूबर 2023 को पत्नी घर में रखे 62,000 रुपये नकद, लोन के एक लाख रुपये के अलावा सोने व चांदी के जेवरात लेकर घर से निकल गई। खोज की तो पता चला कि वह अपने गांव के निकट के कल्लू खां ड्राइबर को साथ रह रही है। बताया कि पत्नी ने उससे मंदिर में शादी करली है। इस कार्य में ससुरालियों ने सहयोग किया है। एसपी को दिये शिकायती पत्र में पत्नी से नकदी जेवरात के अलावा उस के 11 व 15 वर्ष के बच्चों को भी दिलाने की गुहार लगाई। आरोपी को जेल भेजने की मांग की।

## रिश्वत लेकर भी पैमाइश न करने का लगा आरोप

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- किसान ने फोन पर हुई बातचीत की रिकार्डिंग की वायरल

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर निवासी किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल पर 25 हजार रुपये रिश्वत लेने के बावजूद खेत की पैमाइश नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया है।

किसान प्रमोद का कहना है कि उनकी जमीन पर कब्जे को लेकर साझेदारों से विवाद चल रहा है। एसडीएम के आदेश पर एक माह पहले सभी साझेदारों की सहमति से पैमाइश का निर्देश दिया गया था। आरोप लगाया कि 15 जून को उन्होंने लेखपाल को 25 हजार रुपये दिए, लेकिन पैमाइश अब तक नहीं हुई। नाराज किसान ने लेखपाल के साथ फोन पर हुई बातचीत के दो आडियो व्हाट्सएप पर वायरल कर दिए, जिसमें वह रिश्वत देने की बात कह रहे हैं। आडियो में किसान ने लेखपाल से पैमाइश कराने या रुपये वापस करने की मांग की है। उनका कहना है कि पैमाइश होने पर वह जमीन पर कब्जा कर सकते हैं। वहीं लेखपाल का दावा है कि साझेदारों की सहमति और बयान दर्ज होने के बाद ही पैमाइश संभव है। उन्होंने रिश्वत लेने के आरोप को झूठा बताया। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि लेखपाल अश्वनी कश्यप वर्तमान में निगोह खास तालाब की नाप में व्यस्त हैं। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच की जाएगी। यदि रिश्वत लेने की पुष्टि होती है, तो विभागीय कार्रवाई होगी। इस मामले ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है, और लोग प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। किसान का कहना है कि उसे न्याय चाहिए, चाहे पैमाइश हो या रिश्वत की रकम वापस मिले।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज।

**अमृत विचार।** कैरदा रोड पर नगला टीका गांव के सामने दो बाइकों की आमने- सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गये।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अहिरुआ राजारामपुर के रहने वाले संजीव कुमार उर्फ गुड्डू टेंट कारोबारी थे। वह बुधवार की दोपहर बाद उधारी वसूलने के लिए क्षेत्र में गये थे। देर शाम घर लौटने के दौरान नगला टीका गांव के सामने दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार अखिलेश प्रजापित, नीरज कुमार, छोटू निवासी नगला बरी कन्नौज से वापस लौट रहे थे। दोनों बाइकों की भिड़ंत में संजीव कुमार की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक सवार सभी घायलों को नगला दिलू के सौशैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## घायल को स्ट्रेचर पर देख भड़के प्राचार्य

संवाददाता तिर्वा

- सीएमएस के साथ इमरजेंसी समेत वार्डों का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने इमरजेंसी समेत वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक घायल को स्ट्रेचर पर देख तैनात कर्मचारियों पर फटकार लगाते हुए तत्काल बेड पर लिटवाया।

बाबा साहब डाक्टर भीमराव रामजी मेडिकल कालेज में आने वाले प्रत्येक मरीज को अच्छा उपचार मिल सके इसको लेकर बुधवार को प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने कालेज के गायनी वार्ड, आर्थो, सर्जरी, ईएनटी, बाल रोग विभाग समेत सभी ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने वाले उपचार को लेकर जानकारी ली। वार्ड में कई जगहों पर साफ सफाई अधूरी देखकर प्राचार्य ने तैनात कर्मचारियों पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इमरजेंसी के निरीक्षण के दौरान वार्ड के बाहर एक मरीज स्ट्रेचर पर मिलने पर प्राचार्य का पारा चढ़ गया। उन्होंने कर्मचारियों पर फटकार लगाते हुए उसे तत्काल ही वार्ड में बेड पर लिटवाया। चेतावनी दी कि मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। अगर किसी मरीज ने इलाज में कोई लापरवाही की शिकायत की तो कार्रवाई की जाएगी।



स्ट्रेचर पर बैठे मरीज से जानकारी लेते, प्राचार्य और सीएमएस। अमृत विचार

**कवायद** कुल 344 प्रधानाध्यापक व सहायक शिक्षकों ने किए थे ऑनलाइन आवेदन

# सरप्लस 222 अध्यापक परिषदीय स्कूलों से हटे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में सरप्लस श्रेणी में आए शिक्षकों को हटा दिया गया है। उनको जरूरत वाले दूसरे विद्यालयों में तैनाती दे दी गई है। कुल 344 प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे, जिसमें 19 ले फाइल नहीं जमा कीं और उनके आवेदन निरस्त हो गए। 222 अध्यापकों की सूची जारी हो गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद से ऐसे प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों की सूची जारी हुई थीं जहां छात्र कम और अध्यापक अधिक थे। ऐसे स्कूलों को सरप्लस की श्रेणी में माना गया। दूसरी सूची में ऐसे स्कूल थे जहां अध्यापकों की जरूरत थी और बच्चे अधिक हैं। ऐसे स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों को समायोजित/स्थानांतरित कर दिया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्वेच्छा से अंतः जनपदीय तबादला व समायोजन के तहत 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन हुए। 29 जून को दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन आवेदन की प्रति बीएसए कार्यालय में जमा की गईं। उसके बाद बीएसए ने टीम के साथ मिलकर ऑनलाइन डॉटा सत्यापन व डाटा लॉक करने का काम रात 11 बजे तक किया। 30 जून की देर रात में परिषद से सूची जारी हो गई। बीएसए ने बताया कि 222 शिक्षकों के स्कूल बदले गए हैं। उनको स्थानांतरित स्कूल में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

- फाइल न जमा करने पर 19 हुए निरस्त, बाकी को नहीं मिला लाभ



बीआरसी कन्नौज में समायोजन की फाइलें जमा करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### प्रधानाध्यापक बन गए सहायक अध्यापक

सूची में कई प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक ऐसे हैं जो जूनियर या कंपोजिट विद्यालय में पहुंचकर सहायक अध्यापक हो गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ है कि उनसे वरिष्ठ शिक्षक पहले से ही कंपोजिट या जूनियर स्कूल में तैनात हैं। दूसरी ओर पीएस का प्रधानाध्यापक जूनियर स्कूल के सहायक अध्यापक के समकक्ष होता है।

**रिलीव होने पहुंचे शिक्षक-शिक्षिकाएं:** कन्नौज। जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं का नाम तबादले की सूची में आ गया है उसमें कई अध्यापक बुधवार को संबंधित बीआरसी पहुंचे। कन्नौज सदर बीआरसी में फाइलें जमा करने के लिए भीड़ लगी रही। कहा गया है कि रिलीव होने के दौरान एक फाइल संबंधित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जमा करनी है।

### किस ब्लॉक से कितने अध्यापकों के बदले स्कूल

| विकास खंड | अध्यापक |
|---|---|
| तालग्राम | 44 |
| उमर्दा | 38 |
| हसेरन | 35 |
| छिबरामऊ | 33 |
| सौरिख | 28 |
| कन्नौज | 19 |
| गुगरापुर | 18 |
| जलालाबाद | 07 |

## सामूहिक विवाह को मिले 2 करोड़ 2 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में 405 जोड़ों का है लक्ष्य, आवेदन आ चुके हैं 619
- मुहुर्त न होने से नए वित्तीय वर्ष में नहीं हो सकीं शादियां

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शासन ने 2 करोड़ 2 लाख रुपये का बजट भेज दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 405 जोड़ों की शादियां कराने का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष 619 आवेदन हो चुके हैं। मुहूर्त न होने से समाज कल्याण विभाग की ओर से शादी समारोह नहीं कराए जा रहे हैं।

नए वित्तीय वर्ष को 3 महीने गुजर गए हैं। अब तक सामूहिक विवाह योजना के तहत शहनाई नहीं बजी है। कारण, ब्याह का मुहूर्त नहीं है। जब मुहूर्त था तो नई गाइड लाइन नहीं आई थी। गाइड लाइन में अब एक जोड़े की शादी या निकाह कराने पर 1 लाख रुपये का बजट सरकार दे रही है। इसमें 60 हजार रुपये लड़की के बैंक खाते में जाएंगे। 25 हजार रुपये की विवाह सामग्री दी जाएगी। 15 हजार रुपये आयोजन खर्च में कटेंगे। समाज कल्याण कार्यालय के मुताबिक पहले चरण में 202 शादियों व निकाह का बजट मिल गया है। दूसरी ओर विवाह सामग्री में क्या-क्या लड़की को दिया जाएगा, इसका विस्तृत ब्योरा भी आ गया है।

चर्चा है कि शारदीय नवरात्र में ही शादी कराई जा सकती हैं। पंचांग के मुताबिक नवंबर में ही हिंदू रीति रिवाज के तहत ब्याह कराने का शुभ समय शुरू होगा।

### 11 से कंपार्टमेंट परीक्षाएं

**कन्नौज।** वर्ष 2025 की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट-कंपार्टमेंट परीक्षा और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को होगी। इसमें हाईस्कूल के 121 परीक्षार्थी सुबह साढ़े 8 से पौने 11 बजे तक परीक्षा देंगे। इंटर के 159 परीक्षार्थी दोपहर 2 से शाम सवा 5 बजे तक परीक्षा देंगे।

**नोटिस बजह आम**
प्रकीर्णवाद सं0- 287/74/2024
**बअदालत मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कन्नौज**
**लंकुश आदि** बनाम **सुशील कुमार**
बनाम सुशील कुमार पुत्र रमेश चन्द्र बाथम निवासी- मोहल्ला युसुफपुर भगवान, मकरन्द नगर कन्नौज, जिला- कन्नौज
हरगाह याची ने आप के खिलाफ एक प्रकीर्ण दुर्घटना क्षतिपूर्ति वसूली वाद दायर की है, लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.07.2025 वक्त 10 बजे दिन के हाजिर अदालत होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखावें वरना आपकी गैरहाजिरी में दरख्वास्त एकतरफा समाप्त होगी। समन मोहर अदालत व तारीख 27.06.2025 को जारी किया गया।
आज्ञा से- न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना अधिकरण कन्नौज

# करंट की चपेट में आने से किसान सहित दो की मौत

## सिरसा कलार के पिथऊपुर व आटा के संदी गांव में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करंट की चपेट में आने से किसान सहित दो लोगों की जान चली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पिथऊपुर निवासी 44 वर्षीय पृथ्वी राज सिंह चंदेल निजी नलकूप से मंगलवार की रात धान के खेत पर पानी लगाने गया था। बताया गया कि बुधवार की सुबह खेत पर नलकूप के ट्रांसफार्मर से जुड़ा हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर खेत में गिर पड़ा। जिससे नमी के कारण करंट पूरे खेत पर दौड़ गया और चपेट में आकर किसान बुरी तरह झुलस गया। इस दौरान वहां आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने खबर उसके परिजनों को दी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। किसान को निजी गाड़ी से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी रंजना देवी, पुत्र गोपाल व दो पुत्रियों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी निवासी ठाकुर प्रसाद 51 वर्ष बुधवार की सुबह घर में अकेला था और उसकी पत्नी मीरा पशुओं का चारा डालने के लिए गई थी। इस दौरान घर में लगे सीलिंग पंखे में कुछ खराबी आने के कारण वह उसके तार चेक करने लगा। बताया गया कि प्लग लगा होने के कारण उसमें करंट लग गया। जिस कारण वह कमरे में बेसुध होकर गिर गया। कुछ देर में जब पत्नी घर पहुंची और पति को बेसुध हालत में देखकर घबरा गई और तत्काल अन्य परिजनों को बुलाया और ग्रामीणों के साथ तुरंत उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जिला प्रशासन के निर्देश पर सुबह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक चक्र के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल जाने व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय की गैलरी में उमस भरी गर्मी पर चिंता व्यक्त करते हुए एसडीएम ने उचित व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी ने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजों को परेशान नहीं किया जाए व मरीजों की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। इस दौरान डॉ. रूबी सिंह, डॉ. शेख शहरयार आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों ने एसडीएम को जानकारी दी।

**आलमपुर गौशाला का किया निरीक्षण :कालपी।** एसडीएम सुशील कुमार सिंह द्वारा चुरखी गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने बरसात के मौसम में गोवंशों से बचाव के उपायों को देखा तथा पानी की टंकी, भूसा के स्टाक की हकीकत परखी। गौशाला में हरे चारे की उपलब्धता बनाये रखने पर एसडीएम ने जोर दिया। गौवंशों के छोटे बच्चों के खाने की उचित व्यवस्था बनाए रखने की नसीहत दी। वरिष्ठ लिपिक शिशुपाल सिंह यादव पप्पी तथा ड्यूटी में मौजूद केयरटेकरों से एसडीएम ने गौशाला में सफाई व्यवस्था उचित रखने के भी निर्देश दिये।

# बारिश से गिरा घर मासूम सहित पांच लोग दबकर घायल

**उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूड़ा गांव में तेज बारिश से गरीब का आशियाना धराशाई हो गया। जिसके मलबे में दबकर मासूम सहित पांच लोग घायल हो गए।

नगर कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा गांव निवासी सोनू कुमार एक गरीब परिवार है। जो गांव में कच्चा मकान बनाकर अपने जीवन यापन कर रहा था, लेकिन बुधवार को बारिश आफत बनकर उसके परिवार पर टूट पड़ी। बताया गया कि तेज बारिश के कारण उसका कच्चा मकान ढह गया और हादसे में सोनू कुमार और उसकी पत्नी प्रियंका व 5 वर्षीय अनुराग, डेढ़ वर्षीय पियूष मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी मच गई और आस-पड़ोस के अलावा गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों ने मलबे में दबे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और सभी को सीएचसी भेजा।

## सार-संक्षेप




रैली निकलते शिक्षक व बच्चे।

### रैली निकाल कर किया जागरूक

**कालपी।** स्कूल चलो अभियान के द्वितीय पेज के अंतर्गत बुधवार को नगरीय क्षेत्र कालपी के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के नेतृत्व में नगर के गलियों में घूम-घूम कर नारे लगाते हुए रैली निकाल कर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।नगर की सड़कों में जागरूकता रैली निकाल कर नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों, मोजा, जूता, ड्रेस, स्कूल बैग मिलने के फायदे के बारे में बताया। इसके पहले रैली निकालते हुए एवं नगर का भ्रमण किया गया। स्कूल चलो की उक्त रैली को हरी झंडी खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के द्वारा दिखाई गई। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालपी की प्रधानाध्यापिका संगीता श्रीवास्तव, कन्या प्राथमिक विद्यालय दमदमा के शिक्षक खालिद अंसारी, कन्या प्राथमिक विद्यालय मनीगंज के शिक्षक बृजभूषण तिवारी, कन्या प्राथमिक विद्यालय हरीगंज के शिक्षक इसरार अहमद, एवं बीआरसी के राजेश कुमार, लिपिक मिथुन प्रजापति, ब्लॉक समन्वयक राजीव त्रिपाठी, लेखाकार शिवम विश्नोई, कार्यालय सहायक उमेश कुमार, कार्यालय सहायक नगर क्षेत्र के दो दर्जन विद्यालयों के बच्चे एवं प्रधानाध्यापकों ने उक्त रैली में प्रतिभाग किया।

### अवैध शराब समेत पुलिस ने 3 महिलाओं को पकड़ा

**कालपी।** बीती शाम को क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा, महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, सिपाही रनजीत सिंह की पुलिस टीम ने जोल्हूपुर रेलवे अंडर पास के समीप 20 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत आरोपी महिलाओं पूजा, रिंकी, राधा निवासी ग्राम लंगरपुर को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी महिलाएं अवैध तरीके से शराब बेचने में लिप्त रहती थीं।

### सील किए गए गोदाम को खोला, नहीं मिला कोई सामान

**कायमगंज।** कायमगंज में नगर के मोहल्ला नुनहाई निवासी संजीव कुमार भारद्वाज ने लालकुंआ के पास वर्मा वाले विशाल अहाते में स्थित गोदामों में से एक गोदाम किराए पर ले रखी है ।जिसमें वे नकली गुड बनाने का कारोबार किया करते थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम द्वारा छापा मारकर गोदाम को सील कर कारोबारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। गोदाम सील कार्यवाही के समय मौके पर गोदाम में दो हजार किग्रा तैयार गुड़ व 65 टिन राब से भरे मिले थे। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में पहुंचा था ।जहां तमाम कानूनी विश्लेषण के बाद आरोपी पर न्यायालय ने 95 हजार रुपए का अर्थ दंड निर्धारित का जजमेन्ट दे दिया ।उसी के अनुपालन में आरोप सिद्ध कारोबारी ने पूरी अर्थदंड की निर्धारित धनराशि जमा कर न्यायालय से गोदाम की सील तुडवाने का आदेश प्राप्त किया ।जब ताला खोलकर अंदर देखा तो सील किया कोई सामान वहां नहीं मिला ।

### खेत बटाई को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, चार घायल

**अमृतपुर ।** खेती बटाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे चार लोग घायल हो गए और पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बेचेपट्टी निवासी भालू पुत्र छेदालाल एवं उनके पुत्र कल्याण का श्रीधर तिवारी पुत्र प्यारेलाल से झगड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार गांव के निवासी वेदप्रकाश का खेत भालू आदि लोग बटाई पर किए हुए हैं। जिसको लेकर श्रीधर नाराज रहता था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों की आपस में कहासुनी हो गई। देखते देखते मारपीट हुई और लाठी डंडे चलने लगे जिससे दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए।

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद ।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना नवाबगंज का औचक निरीक्षण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव को देखा । पुलिस अधीक्षक ने सी सी टी एन एस कार्यालय, हवालात, मैस, बैरकों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र में पड़नें वाले एचएस, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/ कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, शस्त्र का भौतिक सत्यापन व यातायात के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। टॉप 10 के अपराधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं ।

### बिजली का करंट लगने अधेड़ की चली गई जान

**फर्रुखाबाद ।** थाना क्षेत्र फतेहगढ़ के अंतर्गत अधेड़ की बिजली का तार लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई। विवरण के अनुसार रामतीर्थ उम्र 55 वर्ष पुत्र रामचंद्र भरेपुर फतेहगढ़ के निवासी थे सुबह के समय पंखे का तार बोर्ड में लगा रहे थे उसी समय अचानक करंट लग जाने से गिर पड़े ।आनन फानन में उन्हें लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें घोषित कर दिया। हादसे से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

### सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का किया विस्तार

**फर्रुखाबाद ।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के निर्देश पर पार्टी के फ्रंटल संगठन समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मोहम्दाबाद में विक्रांत सिंह जाटव को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष मोहम्दाबाद मनोनीत किया हैविक्रांत सिंह को जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया ने मनोनयन-पत्र सौंपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजिक न्याय लड़ाई को मजबूत करने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित करने हुए 15 दिनों के अन्दर नगर कमेटी के गठन का भी आदेश दिया है।

### छात्र संख्या न बढ़ने पर शिक्षकों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**फर्रुखाबाद ।** जनपद की शैक्षिक व्यवस्था में सुधार के लिए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय मूसाखिरिया विकास खंड कमालगंज का औचक निरीक्षण किया। डीएम को निरीक्षण के विद्यालय में बच्चों का पंजीकरण काफी कम मिला और पंजीकरण के सापेक्ष उपस्थिति भी कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा पंजीकरण व उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं साथ ही चेतावनी दी गई।

# एसडीएम सुशील कुमार का तबादला, विदाई

संवाददाता, कालपी



विदाई समारोह में मौजूद एसडीएम, तहसीलदार व अन्य।

**अमृत विचार।** एसडीएम सुशील कुमार सिंह का मथुरा जनपद में स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, अधिवक्ताओं, राजस्व कर्मचारियों तथा नागरिकों ने फूल माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी।

बुधवार को तहसील सभागार कालपी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के कार्यकाल की सराहना की। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि तहसीलदार तथा एसडीएम के पद पर रहते हुए कालपी में मुझे बहुत स्नेह प्राप्त हुआ। सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों तथा नागरिकों का खूब सहयोग मिला। जिसे याद रखूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने भी उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के कार्यकाल की सराहना की। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार ने भी निवर्तमान उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किये गये शासकीय कार्यों से की सराहना की। जयकिशोर कुलश्रेष्ठ, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता एडवोकेट, पूर्ति अधिकारी सुशील कुमार, शुभेन्द्र कुमार तिवारी, धीरेन्द्र पुरवार, सलीम खान, शशांक विश्वकर्मा, जगरुप सिंह राजपूत, नन्दू, शैलेंद्र कुमार पेशकार, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, अशोक पांडेय, रविंद्र श्रीवास्तव, दीपचंद सैनी, जितेंद्र कुमार लेखपाल ने फूल माला पहनाकर विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र मिश्रा ने किया ।

# कालपी कालेज में प्रवेश प्रारम्भ

**कालपी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये स्थानीय नगर के एक मात्र महाविद्यालय कालपी कालेज कालपी में बीए, बीएससी व एमए कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय में सीटों के स्थान सीमित हैं इस लिए छात्र छात्राएं 15 जुलाई तक समय से पंहुचकर रजिस्ट्रेशन करवाकर अपनी सीट सुनिश्चित करें।

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु प्रभा तिवारी ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों व अभिभावकों से अनुरोध है कि कालपी कालेज कालपी में सत्र 2025-26 हेतु बीए, बीएससी व एमए हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। जिस हेतु बुंदेलखंड विश्व विद्यालय झांसी द्वारा निर्देशित नियमों के अनुरूप विद्यार्थियों को पहले ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। कक्षा 12 पास सभी संकाय के विद्यार्थी महाविद्यालय आकर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# ...ये अमल हुक्मे खुदा के खिलाफ मत कीजिये

संवाददाता उरई

- मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से हुआ कार्यक्रम
- तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में चल रहा 10 दिवसीय प्रोग्राम

**अमृत विचार।** मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में दस दिवसीय प्रोग्राम की पांचवीं महफिल में मंगलवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावते कलाम पाक से किया। इस दौरान उल्माओं ने अहलेबैत की शान बयान की तो महफिल में रूहानियत छा गई।

कॉन्फ्रेंस में मुफ्ती जुनैद मिस्बाही ने अपनी तकरीर की शुरुआत इस शेर से की- 'जमीने हक हसद से शिजाद मत कीजिए। ये अमल हुक्मे खुदा के खिलाफ मत कीजिये।' इसी कड़ी में अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि नमाज, रोजा, हज फर्ज है और यह अमल भी है। इसी तरह अहले बैत से मोहब्बत करना भी मोमिन के लिए वाजिब है। उन्होंने अहले बैत की अहमियत कुरानो हदीस के हवाले से बयान की। साथ ही कहा कि इल्म अमन व इत्तेहाद का पैगाम खानकाहों की देन है। इससे पहले कॉन्फ्रेंस में शायर कलीम दानिश, अशरफ बरकाती, शबीउद्दीन ने मनकबत पढ़कर महफिल में वाहवाही लूटी। सैय्यद आमिर मियां ने इस्लाम के दूसरे खलीफा हजरत उमर फारूक की शान-ओ- अजमत बयान की । कॉन्फ्रेंस में आए हुए लोगों का मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के सदर शारिक बेग बरकाती ने इस्तकबाल किया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# कर प्रणाली को पारदर्शी बनाए जाने की हुई मांग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन
- प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन मंत्री की अगवाई में ज्ञापन

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश संगठन मंत्री की अगवाई में चार सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए कर प्रणाली को न्याय पूर्ण करना होगा।

पोर्टल पर अद्यतन यानि अपडेट न हुए वैट प्रकरणों के आधार पर की जा रही कुर्की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाए। पुराने वैट प्रकरणों में बकाया धनराशि संबंधी कोई भी कार्रवाई करने से पूर्व विभाग द्वारा उपलब्ध पूर्ण जांच की जाए। व्यापारी पक्ष को उत्तर देने का उचित अवसर दिए बिना की जा रही बैंक कुर्की की कार्यवाही को नियम विरूद्ध घोषित किया जाए। मांग की गयी कि जिन व्यापारियों के बैंक खातों से इस प्रकार धनराशि वसूल की गई है तो उनके मामलों की पुनः जांच कर निर्णय लिया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश की व्यापारिक और औद्योगिक स्थिरता बनाए रखने के लिए मांग की गयी कि राज्य कर विभाग को उपर्युक्त बिंदुओं पर निर्देशित कर व्यापारियों व उद्यमियों पर हो रही इस प्रकार की अनुचित कार्यवाहियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। ज्ञापन पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता,महिला जिला अध्यक्ष प्रीति तिवारी,आनंद मोहन वर्मा, जिला महामंत्री धीरेन्द्र नाथ तिवारी, उपाध्यक्षअमन कुमार, राहुल गुप्ता, प्रीती गुप्ता ने हस्ताक्षर किए ।

# पांचाल घाट पर स्थापित होगी भगवान शंकर की विशाल मूर्ति

फर्रुखाबाद । पांचालघाट स्थित गंगा के तट पर हरिद्वार की तर्ज पर भगवान शंकर जी की विशाल मूर्ति, काफी समय से की जा रही थी । जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की विशेष रुचि लेने से कार्य के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा पत्र जारी करके वताया गया।कहा मांगों पर मंत्री जी ने सहमति और स्वीकृति व्यक्त की है और बहुत जल्द इन सभी पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा और स्वर्गधाम से घाट तक आने के लिए सड़क का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा । इस पूरी मुहिम में विशेष रूप से कोमल पाण्डेय, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ, रामदास गुप्ता, शिवम मिश्रा ,आलोक मिश्र उर्फ भूरे ,मोहित खन्ना, शिव शुक्ला, पिंटू दुवे,रज्जू गुप्ता,अफरोज आलम खां,कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ नन्हे पंडित सभासद, बाबू अग्निहोत्री सभासद का सहयोग रहा ।

# उद्योग व्यापार मंडल की मजबूती पर गहन विचार-विमर्श किया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में चर्चा करते व्यापारीगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की बैठक रेलवे रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस के सभागार में हुई ।

नगर अध्यक्ष मोहम्मद इख़लाक खा ने बताया कि नए वरिष्ठ व्यापारियों को प्रदेश अध्यक्ष के मंच पर शामिल किया जाएगा जिसकी अनुमति प्रदेश अध्यक्ष से ले ली गई है। जल्द ही समय व तारीख लेकर प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश के दोनों महामंत्री व युवा के प्रदेश अध्यक्ष को जनपद में लाने का नगर में प्रोग्राम बनाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की नगर की जो भी व्यापारियों की जटिल समस्याएं है उन सभी को प्रदेश अध्यक्ष को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा । इस दौरान बैठक में कहा गया कि फर्रुखाबाद से दिल्ली की एक मात्र ट्रेन होने के कारण व्यापारियों को अधिक समस्या रहती है। फर्रुखाबाद से दिल्ली के लिए एक और ट्रेन चलवाने की मांग उठाई गई। प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रेल मंत्री द्वारा इन समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा अथवा जो अन्य समस्या है उन सभी को उठाया जाएगा जिसमे नगर उद्योग व्यापार मंडल का पूर्ण विश्वास है कि जनपद के व्यापारियों की समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व गम्भीरता से लेकर हल कराने का प्रयास करेगा । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रदेश नेतृत्व का मुख्यमंत्री व रेल मंत्री के साथ अनेकों बार व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बैठक होती है । बैठक में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मांग | आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन, मधुशाला नहीं विद्यालय चाहिए के लगाए नारे

# प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के निर्णय पर रोक लगे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए ।

**अमृत चार।** आम आदमी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और मधुशाला नहीं, विधालय चाहिए, शिक्षा विरोधी यह सरकार ,नहीं चलेगी ,नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए।

आम जनता ने भी भरपूर साथ देते हुए अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि मधुशाला नहीं ,विद्यालय चाहिए । योगी सरकार द्वारा बिना सोचे समझे कानून का उल्लंघन करते हुए 16 जून, 2025 को एक शासनादेश निर्गत किया गया हैं। जिसमें कहा गया है कि जो कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालय हैं, उनको पास के बड़े विद्यालयों में मिला कर स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा। एक तरफ योगी सरकार मदिरालयों को खोलने का रिकॉर्ड बना रही है। 2024 में 27308 मदिरालय खोले गये, वहीं दूसरी तरफ अब तक 26000 से अधिक विद्यालय बंद हो चुके हैं और अब बच्चों के कम संख्या के बहाने 27000 और प्राथमिक विद्यालय बंद करने जा रही है। अब आप ही बताइए की उत्तर प्रदेश को क्या चाहिए ? पाठशाला या फिर मधुशाला ।उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद किये जाने सम्बन्धी 16 जून, 2025 के आदेश पर आम आदमी पार्टी की आपत्तियां को प्रदेश सरकार दूर करे । उन्होंने कहा कि 16 जून, 2025 को जारी मर्जर आदेश में कहीं भी न्यूनतम अथवा अधिकतम संख्या का निर्धारण नहीं किया गया।

प्रदेश की योगी सरकार को निर्देशित करें कि वह पेयरिंग के नाम पर स्कूलों को बंद करने संबंधी 16 जून, 2025 के आदेश को तत्काल वापस लिया जाए । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी योगी सरकार से मांग करती है कि सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस ले । अन्यथा आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से और सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगी । । आम आदमी पार्टी की टीम ने गांव गांव लोगों से संपर्क किया है। जल्द ही जिन-जिन गांवों में स्कूल बंद हुए हैं वहां पर जनता के सहयोग के साथ जन आंदोलन चालू किया जाएगा और आम आदमी पार्टी पूरी ताकत के साथ बच्चों की शिक्षा की लड़ाई लड़ने के लिए वचन बंद्ध है। ज्योतिवाराव फूले जी ने दो दशक पहले सभी को शिक्षा का अधिकार दिलाया जिसको सरकार भी सर्व शिक्षा अभियान, बेटी पढ़ाओ ,बेटी बचाओ जैसे अभियान चला कर लगातार आगे बढ़ाती रही है ।

# गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 0.70 मीटर नीचे, चौकसी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



गंगा सेतु पर लगा खतरे का निशान अमृत विचार

अमृत विचार। बाढ़ की स्थिति को लेकर सिंचाई खंड द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार गंगा एवं रामगंगा नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

गंगा नदी का खतरे का निशान 137.10 मीटर निर्धारित किया गया है। बुधवार को सुबह 08:00 बजे लोहिया सेतु (पांचालघाट) पर जलस्तर 136.40 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जलस्तर खतरे के निशान से महज 0.70 मीटर नीचे है, जो चिंता का विषय बना हुआ है। रामगंगा नदी पर बहमदत्त द्विवेदी सेतु (रामगंगा पुल) पर भी स्थिति गंभीर होती जा रही है। नरौरा स्केपिंग से 116512 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रामनगर बैराज से 15/8 के आंकड़े के साथ कुल योग 2576 क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया है। खो बैराज से 2276 क्यूसेक तथा हरेली बैराज से 300 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में गंगा और रामगंगा दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच रहा इसलिए संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।


# सौ परिषदीय विद्यालयों में चलेंगी बाल वाटिकाएं

## कक्षा-1 से 3 तक के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश, बच्चों को पढ़ाने के लिए एजुकेटर नियुक्त किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 100 बाल बाटिकाओं का संचालन किया जाएगा। इनमें 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इन्हें पढ़ाने के लिए एजुकेटर्स की नियुक्ति की जाएगी।

जिला अधिकारी डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बाल वाटिका बनाई जाएंगी। इनमें 3 से 6 साल के आयु वर्ग के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। शुरुआती दौर में इसके लिए जिले के 100 विद्यालयों का चयन किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बाल वाटिका कार्यक्रम के तहत अभी जिले में जिन 100 विद्यालयों का चयन किया गया है जिनमें बाल वाटिका बनाई जाएगी। इसके साथ ही इन विद्यालयों में बाल वाटिका में बच्चों को पढ़ाने के लिए एजुकेटर की नियुक्ति भी की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएसए डॉ. राजेश कुमार ने बताया है कि यह एजुकेटर 3 से 6 साल आयु वर्ग के बच्चों को इन विद्यालयों में पढ़ाएंगे। इनकी चयन की प्रक्रिया चल रही है और प्रशिक्षण के बाद पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। बीएसए ने बताया कि ऐसा प्रयास है कि इसी महीने से चयनित किए गए 100 विद्यालयों में बाल वाटिकाओं में पढ़ाई का काम शुरू करा दिया जाए।



स्कूल का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला। अमृत विचार

### डीएम बोले, वृहद संख्या में किया जाए पौधरोपण

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्टस स्टेडियम में पौधारोपण कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर डीएम ने लोगों से अपील की कि वृहद संख्या में पौधरोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं उनकी देखरेख करना भी हमारा कर्तव्य है। इसके बाद प्रभागीय निदेशक, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय मोतीझील में जन्मे नवजात शिशुओं को एक पेड़ मां के नाम पर ग्रीन गोल्ड सर्टीफिकेट के साथ एक सागौन का पौधा भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल एक जन्म एक वृक्ष के भाव को साकार करती है। तदोपरांत बसरेहर रेंज के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज जसवन्तनगर में पौधारोपण एवं वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं लखना रेंज के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, प्रभागीय निदेशक, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों और परिषदीय विद्यालयों में बढ़ाएं बच्चों की संख्या

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय अधियापुर कंपोजिट व आंगनबाड़ी केंद्र अधियापुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जर्जर भवन को ध्वस्त करने के निर्देश दिए और यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में अधिक से अधिक बच्चे लाए जाएं। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षा 6 में 6, कक्षा 8 में 8 बच्चे मिले। विद्यालय में कुल 8 अध्यापक में से 5 उपस्थित पाए गए 3 अवकाश पर थे। उन्होंने कहा कि जर्जर भवन का तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाए। विद्यालय परिसर में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाए। सभी कक्षाओं में बच्चों के नामांकन को बढ़ाया जाए। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर मात्र 4 बच्चे उपस्थित थे, जबकि कुल बच्चों की संख्या 40 है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के सभी स्कूलों में नामांकन बढ़ा कर बच्चों को स्कूल लाया जाए। कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए।

## नगरपालिका के सुपरवाइजर को दी विदाई

**इटावा।** नगरपालिका के सुपरवाइजर राजेश कुमार का सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवा निवृत्त सुपरवाइजर राजेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर माला पहना कर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषदके अध्यक्ष राजीव यादव पालिका के कर अधीक्षक गिरीश चंद्र वर्मा ,राजस्व निरीक्षक सुशांत यादव परिषद के उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला, महामंत्री अनिल बाजपेई, प्रशांत गौड़, अनिल यादव, जयंत शुक्ला, आर्यन यादव, अवनीश पांडेय, शादीलाल, मोहम्मद सलीम, रवि गोयल, अनिल कुमार, इशरत हुसैन, अजय यादव, ध्रुव यादव, आनंद कुमार, इरम वारसी, अर्चना, अक्षय कुमार, मंजेश यादव, मोहम्मद इसरार, इमरान अहमद, सुरेंद्र जैन, सुबोध दुबे, सुशील जैन, सगीर अहमद, मोहम्मद इस्लाम, बृजेंद्र कुमार, अमन कुमार, बब्लू पाल, दीपराज वर्मा, सचिन कुमार, अनुज प्रजापति, सहित पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


गुड्डी बाजपेई के जिला अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत। अमृत विचार

### उद्योग व्यापार मंडल महिला इकाई की अध्यक्ष बनीं गुड्डी

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महिला इकाई का जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इटावा जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की उपस्थिति में यह गठन हुआ। कमेटी में गुड्डी बाजपेई को महिला जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया, गुड्डी बाजपेयी प्रदेश कार्यकारिणी में मंत्री के पद पर भी बनीं रहेंगी। इसके अतिरिक्त वंदना वर्मा, सीता मिश्रा, सरला तोमर, शशी पांडेय, सुमन तिवारी, मीरा त्रिपाठी को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जिला महामंत्री का दायित्व मंजू लता द्विवेदी, चित्रा परिहार, ममता दुबे, अंजू यादव को दिया गया। इसके अलावा ज्योति पालीवाल को जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। राखी कुमारी, सोनी तिवारी, रचना कुमारी को जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई, पदमा कुशवाहा को लखना नगर अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभय टंडन, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

इटावा। बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा के लिए शहर से 17 सदस्यीय यात्रियों का जत्था गोमती एक्सप्रेस से रवाना हुआ। यात्रा के लिए दौरान ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार पाल, राम सिंह, चीनू पोरवाल, संदीप गुप्ता, सुमित जैन, रोहित पोरवाल, दीपू पोरवाल, चित्रांशु तोमर, अंशू कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, गोविंद कश्यप, कैलाश, सौरभ चौधरी, कुलदीप गोयल, कृष्णा चतुर्वेदी, ख्याली राम, गीतम, यश कश्यप आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। तीर्थ यात्रियों को अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, उपाध्यक्ष जयसिंह चौहान, भाजपा नेता चंदन पोरवाल, अविनाश पाल, चंद्रवीर सिंह चौहान, राजकिशोर गिरी, बबलू यादव, हिमांशु कश्यप, परमजीत कश्यप आदि ने फूल मालाएं पहना कर रवाना किया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बसरेहर। चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड चौराहे के पास कार की अक्क्र लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलती ही कोहराम मच गया। नगला विशुन थाना सौरिख कन्नौज निवासी अवधेश कुमार पुत्र मातादीन अपने रिश्तेदार के यहां मैनपुरी जिला के करहल के पास अहलादपुर गढ़िया में शांति पाठ में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी कार ने उसे टक्कर मार दी। हेलमेट पहने होने के बावजूद भी वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे सीएचसी भिजवाया। जहां से उसे पीजीआई भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष चौबिया विपिन कुमार मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### गृह क्लेश के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

बसरेहर इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के कस्बा बसरेहर के मोहल्ला शाहजहां पुर में विवाहित महिला ने गृह क्लेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उक्त मोहल्ला निवासी शनि का पत्नी रश्मि देवी उम्र 27 वर्ष से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इससे क्षुब्ध होकर रश्मि ने शौचालय में जाकर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की बहन रचना ने ससुरालीजनों पर प्रताडित करने का आरोप लगाया है।

## बेटियों की शिक्षा में मदद करेगा इटावा फाउंडेशन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले की लड़कियों की उच्च शिक्षा में इटावा फाउंडेशन मददगार बनेगा। पूर्व आईएएस ऑफिसर एवं इटावा फाउंडेशन संस्थापक डॉ. विश्वपति त्रिवेदी ने बताया कि इटावा की विमलेश की शादी आईआईटी खड़गपुर के इंजीनियर महेंद्र मिश्रा से हुई और वह अमेरिका चली गईं। लेकिन वह इटावा के लिए मददगार बनी रहीं। 2017 में उनका निधन हो गया। अब उनके उस सपने को उनके पति पूरा कर रहे हैं।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कहीं न कहीं इटावा फाउंडेशन को बनाने का उद्देश्य है इटावा के लिए कुछ बेहतर करना है। महेंद्र मिश्रा के साथ समन्वय कर जनपद की होनहार लड़कियों को ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के लिए एक पहल शुरू की है, जिसमें कुछ बेटियों को मदद दी जा चुकी है और कुछ को मदद करने के लिए प्रस्तावित योजना भी तैयार है। जो लड़कियां पढ़ने में अच्छी हैं उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है तो वह info.etawahfoundation@gmail.com पर अपनी सारी जानकारी शेयर करें। मदद पा सकती हैं।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**चकरनगर।** थाना चकरनगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मानपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ पर युवक का शव लटकता मिला। मंगलवार रात्रि ग्राम मानपुरा निवासी लालू (35) पुत्र चंद्रप्रकाश उर्फ चंदे सक्सेना ने गांव के बाहर बने काली माता मंदिर के पास आम के पेड़ पर अपनी शर्ट से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह होते ही ग्रामीणों ने जब युवक का शव पेड़ पर लटकते देखा तो ग्रामीणों ने मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** डॉक्टर्स-डे के अवसर पर पक्का तालाब स्थित आईएमए हाल में डॉक्टरों का सम्मान किया गया। आईएमए के सचिव डॉ. हिमांशु यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पीके जैन थे।

प्रख्यात डॉ. भारत रत्न बीसी राय के जन्मदिवस पर उनकी याद में प्रतिवर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। आईएमए द्वारा सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ पीके जैन को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह, जिला महिला चिकित्सालय इटावा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, दिव्यांशी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. एमएस पाल और डॉ. शीला पाल, जीएलपी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आरएस पाल और डॉ. रवि रंजन को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिय सम्मानित किया गया। अंत में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. डीके दुबे ने मुख्य अतिथि और कार्यक्रम में पधारे अन्य अतिथियों और डॉक्टरों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



कुलपति को सम्मानित करते आईएमए के अध्यक्ष डॉ. डीके दुबे साथ में डॉ. बीके गुप्ता।

## योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं

**महेवा।** नवागत खंड विकास अधिकारी बृज बिहारी त्रिपाठी ने चार्ज ग्रहण करने के दूसरे दिन ग्राम पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों की बैठक की। सरकार की मंशानुसार संचालित जनहित कारी योजनाओं के क्रियान्वन में ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए।

ब्लॉक सभागार में बैठक में उन्होंने अधीनस्थों को बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ दिलाकर खुशहाली लाई जाए। मनरेगा कार्यक्रम, अंत्योदय राशन कार्ड समीक्षा, गांवों में साफ-सफाई, पेयजल, संचारी रोग नियंत्रण अभियान आदि की भी समीक्षा की वहीं उन्होंने सभी अधीनस्थों को कहा कि यदि किसी गांव से कोई शिकायत आती है तो संबंधित सचिव को जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया, प्रवीण शाक्य सहित सभी सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक मौजूद रहे।


फिल्म के बारे में जानकारी देते डायरेक्टर सनोज मिश्रा साथ में निर्माता धीरेंद्र राव चौबे व अन्य। अमृत विचार

## 'दी डायरी ऑफ मणिपुर' की 15 से इटावा में शूटिंग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित हुई माला बेचने वाली वायरल गर्ल मोनालिसा को लेकर बनने वाली फिल्म 'दी डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग 15 जुलाई से इटावा शहर में शुरू होगी।

बुधवार को नुमाइश चौराहा स्थित फिल्म निर्माता धीरेन्द्र राव चौबे के आवास पर प्रेस वार्ता हुई। फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने बताया कि इस फिल्म को बनाने की घोषणा करने के बाद मेरे कुछ प्रतिद्वंदियों ने मुझे झूठे केसों में फंसाने का षडयंत्र रचा। ताकि मैं यह फिल्म न बना सकूं, लेकिन उन कठिनाइयों से निकल कर मैं इस फिल्म की शूटिंग करुंगा। फिल्म के दृश्य इटावा शहर के टिक्सी मंदिर एवं राजा सुमेरशाह के किले पर 15 जुलाई से फिल्माए जाएंगे। इसके लिए मेरी टीम इटावा आ चुकी है। बताया कि यह एक लव स्टोरी पर आधारित कॉमर्शियल फिल्म है। जिसमें कुछ बातें मणिपुर संघर्ष से जुड़ी हुई भी होंगी। फिल्म के निर्माता इटावा निवासी धीरेन्द्र चौबे ने बताया कि सनोज मिश्रा एक बड़े फिल्म डायरेक्टर है, जो डेढ़ दर्जन के करीब फिल्में बना चुके हैं।

## पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चढ़ाया निर्वाण लड्डू

**जसवंतनगर।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीर्थंकर भगवान 1008 नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा निर्वाण लड्डू समर्पित किए गए, जिससे मंदिर परिसर भक्ति-भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान नेमिनाथ का अभिषेक, विशेष पूजा एवं शांतिधारा विधिपूर्वक सम्पन्न हुई।

सौधर्म इन्द्र की भूमिका में नलिन जैन,सार्थक जैन संभव जैन परिवार को प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।श्रद्धालुजन अपने-अपने घरों से दीपमय निर्वाण लाडू बनाकर लाए और उन्हें भक्ति भावपूर्वक भगवान के चरणों में अर्पित किया। मंदिर परिसर में भजन, स्तुति और पूजन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ जैन समाजजनों एवं युवाओं की सहभागिता विशेष रूप से रही।




मोहर्रम

## शिया समाज ने निकाला सजैरी का जुलूस

### जगह-जगह लोगों ने मन्नतें मांगी, सुरक्षा के लिए मौजूद रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शिया समुदाय ने बुधवार को सजैरी का जुलूस परम्परागत तरीके से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व और राहत अकील शक्कन की देखरेख में निकाला। मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने तकरीर की।

सजैरी का जुलूस चौहट्टा, कोतवाली चौराहा, आलमपुरा, शीश महल, तिकोनिया, पक्की सराये स्थित बड़ा इमामबाड़ा, नगर पालिका चौराहा, तहसील चौराहा, शरीफ मंजिल सैदबाड़ा, साबितगंज, नया शहर, उर्दू मोहल्ला, इस्लामिया कालेज, नोरंगबाद होकर इमामबाड़ा घटिया अजमत अली पर सम्पन्न हुआ। रिजवान अजमद, हसन जावेद, अर्शी इमाम, उर्फी हिशाम, हनफी, हयान नईम, सैय्यद हसन तौकीर, ताजदार हुसैन, शारिक सगीर शानू, शब्बर अकील, साजिद रजा, बिट्टू, हम्माद, मरगूब जमा वारसी आदि ने जल सेवा आदि की। तनवीर हसन, अयाज हुसैन बब्लू, अहमद जाफर, राहिल सगीर, सलमान रिजवी, कैफ वारसी आदि ने मुख्य चौराहों, इमाम बारगाहों और घरों पर नोहा ख्वानी की। शरीफ मंजिल सैदबाड़ा के पास मौलाना सज्जाद हैदर रब्बानी दिल्ली ने तकरीर करते हुए इमाम हुसैन की शहादत और कर्बला का पैगाम लोगों तक पहुंचाया। सजैरी के जुलूस में राहत अकील, शब्बर अकील जुल्फिकार व अलम के साथ आगे चल रहे थे, दो चौकियां और झंडे भी जुलूस के साथ थे। शहर में सैकड़ों लोगों ने अलम व चौकियों की जियारत कर मन्नतें मांगी। सजैरी के जुलूस में मौलाना मोहम्मद जॉन दिल्ली, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, आलोक दीक्षित, जुलूस के वालिंटियर शावेज़ नक़वी, इबाद रिज़वी, आतिफ एड., शारिक सगीर शानू, सैफू, शादाब, हम्माद, जीशान, समर, शहजादे, अदनान सहित बड़ी संख्या में युवाओं व बच्चों ने भाग लिया। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम बेहतर रहे। स्पेशल पुलिस अधिकारी आलोक दीक्षित, चौकी इंचार्ज जगदीश भाटी, दर्शन सिंह सोलंकी, काशिफ हनीफ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।


सजैरी के जुलूस में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# समय से स्कूल नहीं पहुंचे अध्यापक गेट पर खड़े इंतजार करते रहे बच्चे

**अछल्दा।** बुधवार को अध्यापक समय पर स्कूल नहीं पहुंचे। बच्चे गेट पर स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे। अभिभावकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है।

खंड शिक्षा अधिकारी के बगल में बने प्राथमिक विद्यालय अछल्दा में तय समय के काफी देर बाद भी अध्यापक विद्यालय नहीं पहुंचे। बच्चे तय समय के अनुसार विद्यालय के गेट पर आकर खड़े हो गए। काफी देर तक अध्यापकों के स्कूल नहीं पहुंचने पर बच्चों ने परिजनो ने नाराजगी जताई है। वही प्राथमिक विद्यालय नेविलगंज और यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में भी 8 बजे तक कोई शिक्षक नही आया है।


अछल्दा में बीईओ दफ्तर के बगल में स्कूल खुलने का इंतजार करते बच्चे। अमृत विचार

अभिभावकों का आरोप है अध्यापक प्रतिदिन बाहर से आने का हवाला देकर देरी से विद्यालय आते हैं। विद्यालय प्रतिदिन आठ बजे के बाद विद्यालय खुलता है। इससे विद्यालय के बाहर बच्चे घंटों खड़े होकर शिक्षकों का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। माता-पिता और ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर नाराजगी है। बीईओ प्रवीण कुमार ने कहा कि स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। लेट आने की जांच भी की जाएगी।

# 'हैलो! मैं मोहर्रम मनाने के लिए घर आ रहा हूं'

संवाददाता, अजीतमल

- परिवार ने जिस युवक का शव दफनाया, वह निकला जिंदा
- मुंबई से आया फोन, पुलिस नए सिरे से मामले की जांच में जुटी

**अमृत विचार।** हैलो! मैं मोहर्रम पर घर आ रहा हूं। फोन पर युवक की आवाज सुनते ही न सिर्फ पूरा परिवार बल्कि गांव वाले स्तब्ध रह गए। परिवार में जिस युवक के चालीसवां की तैयारी चल रही थी, उसके जिंदा होने पर सब सन्न रह गए। उधर, पुलिस भी सकते में आ गई है। फिलहाल पुलिस युवक के गांव आने का इंतजार कर रही है, मगर इसी के साथ पूरे मामले की नए सिरे से जांच करने की तैयारी शुरू कर दी है।

यह अजीबो-गरीब मामला अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव का है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरवारहट गांव में 27 जून को 40 वर्षीय एक युवक का शव मिला था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर फोटो डाली थी। फोटो देखकर अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव के रहने वाले शमसुल पुत्र गुलमीर ने अपने चचेरे भाई नूर मोहम्मद के रूप में पहचान की थी। नूर मोहम्मद के पिता तौफीक का इंतकाल हो चुका है। शमसुल ने अपने पड़ोसी नसीम खान के साथ मर्च्युरी में शव को देखकर नूर मोहम्मद के रूप में पहचाना था।

उन्होंने पुलिस को बताया था कि नूर मोहम्मद मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया था। परिवार के लोग शव लेकर घर पहुंचे थे और फिर रात में ही उसे गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। इस समय परिवार के लोग नूर मोहम्मद का चालीसवां करने की तैयारी में जुटे थे। परिवार के युवक की मौत और चालीसवां की तैयारी के बीच घर का माहौल गम में बदला था।

मंगलवार को परिवार और गांव वाले उस समय सन्न रह गए, जब मुंबई से नूर मोहम्मद का गांव के एक दोस्त के पास फोन आया। उसने मोहर्रम पर घर आने की जानकारी दी।

दोस्त ने जब परिवार वालों को बताया तो परिवार के सभी लोग हैरान रह गए। पहले तो एकबारगी किसी को यकीन ही नहीं हुआ, लेकिन जब परिवार के लोगों ने फोन पर नूर मोहम्मद से बात की तो उसकी आवाज की तस्दीक होने से घर का माहौल ही बदल गया। परिवार के लोगों ने फौरन पूरे मामले की पुलिस को सूचना दी। अब पुलिस के सामने उस युवक की शिनाख्त कराने की चुनौती खड़ी हो गई है, जिसका शव कब्रिस्तान में दफनाया गया है।

### सीओ बोले, नए सिरे से होगी पूरे मामले की जांच

अजीतमल सीओ एमपी सिंह का कहना है कि परिजनों ने हमशक्ल होने के कारण गलत पहचान होने की बात कही है। पुलिस अब नए सिरे से जांच करेगी। जिस युवक का शव नूर मोहम्मद के रूप में दफनाया गया है, उसकी पहचान कराने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। फिलहाल नूर मोहम्मद के गांव आने का इंतजार किया जा रहा है। उसके आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एक नजर

### आप नेताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अजीतमल।** निवर्तमान जिला महासचिव सौरभ कुमार और पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आशुतोष दूबे के संयुक्त नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। राज्यसभा सदस्य एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह और ब्रज प्रांत अध्यक्षा डॉ. हृदेश चौधरी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश की डबल इंजन योगी सरकार के पूरे प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद करके जगह- जगह मधुशाला खोलने का काम कर रही है। शिक्षा विरोधी उत्तर प्रदेश आदित्य योगी नाथ की सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी औरैया के साथियों के साथ जोरदार हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अशोक त्यागी, युवा प्रकोष्ठ पूर्व जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, दिलीप कुमार राजपूत, ओम कुमार, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

### परिवार छत पर सोता रहा कमरे से कैश-जेवर चोरी

**अजीतमल।** रजपुरा गांव में चोरी की घटना सामने आई है। कोतवाली क्षेत्र के रजपुरा गांव निवासी देवेंद्र सिंह के घर से चोर नगदी और जेवरात ले गए। जब सुबह गृहस्वामी ने घर का सामान बिखरा देखा तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए जल्द ही घटना का खुलासा किये जाने का आश्वासन दिया है। देवेंद्र सिंह रात को अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। सुबह जब वह किसी निमंत्रण में जाने के लिए अलमारी से पैसे निकालने गए, तो उन्हें चोरी का पता चला। अलमारी में रखे करीब बीस हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। माना जा रहा है कि चोर रात में छत से नीचे उतरकर वारदात को अंजाम दे गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### एटीएम से नहीं निकले रुपये और अकाउंट से कटे

**रुरुगंज।** कुदरकोट में इंडिया न-1 कंपनी का एटीएम लगा हुआ है। बुधवार दोपहर गांव कुदरकोट निवासी आशीष दीक्षित अपने पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट के एटीएम से 1400 रुपए निकालने की प्रक्रिया पूरी की। परंतु पेमेंट नहीं निकला और पेमेंट निकलने का मैसेज फोन पर आ गया एवं पेमेंट निकलने का रिकॉर्ड भी एटीएम से निकल आया। परेशान युवक ने इंडिया न 1 एटीएम के हेल्पलाइन नंबर पर काल की परंतु कोई सहायता नहीं मिली। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

### कार से आए चोर, रस्सी काटी और ले गए बकरे

**रुरुगंज।** पंजाब नेशनल बैंक के पास हुई बकरों की चोरी सीसी कैमरे में कैद हो गई, बावजूद पुलिस चोरों की पहचान नहीं कर पाई है। कुदरकोट की पंजाब नेशनल बैंक के पास जबर सिंह शाक्य का घर है, घर के बाहर बकरे बंधे हुए थे। मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे एक सफेद रंग स्विफ्ट डिजायर कार आती है और जबरसिंह के घर के बाहर बंधे तीन बकरों की रस्सी काटती है और कार में रखकर चले जाते है। गाड़ी में से उतरे तीनों लोग सीसी कैमरे की फुटेज में आ गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### निधन पर शोक जताया

**बिधूना।** कल्यानपुर के पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह सेंगर का बीमारी के चलते देर रात्रि निधन हो गया। लोग उनके पैतृक आवास पहुंचे। लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके फार्म हाउस पर दाह-संस्कार कर दिया गया है मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र औसान सिंह सेंगर ने दी। इस अवसर पर राव गजेंद्र सिंह सेंगर, नीरज चौहान प्रधान प्रतिनिधि, संजय सिंह सेंगर प्रधानाध्यापक, नरेश फौजी, वीरु भदौरिया प्रधान प्रतिनिधि, विनोद भदौरिया, बल्देव सिंह यादव प्रधान, दीपू यादव पूर्व प्रधान, हरनारायण सिंह राजपूत, विवेक बाजपेई आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है।

# बस ने किशोर को रौंदा, हंगामा और जाम

## फफूंद थाना क्षेत्र के माखनपुर गांव में हुआ हादसा, साथी किशोर बस की टक्कर से खेत पर जा गिरा

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के माखनपुर गांव में बाबा को खाना देकर साइकिल से घर लौट रहे एक किशोर को तेज रफ्तार बस ने सामने से रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइकिल पर सवार दूसरा किशोर दूर जाकर गिरा, जिससे बच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जानकारी होने पर एसडीएम और कई थानों की पुलिस पहुंच गई। पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

थाना क्षेत्र के माखनपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार राजपूत मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। बुधवार को वह मजदूरी करने गया था। दोपहर में उसका 13 वर्षीय छोटा पुत्र रोहित गांव के बाहर ककोर रोड पर अपने बाबा प्रताप सिंह और दादी पानकुमारी को खाना देने के लिए साइकिल से गया था। उसके साथ गांव का हमउम्र दोस्त गुलशन भी था। खाना देकर दोनों जैसे ही गांव के लिए चले, तभी फफूंद की ओर से तेज रफ्तार आई दिल्ली जाने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस बस ने उसे रौंद दिया।


जाम लगाए लोगों को समझाती-बुझाती पुलिस। अमृत विचार


किशोर की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


रोहित राजपूत।

- घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे लगाया जाम
- पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद शांत हुए गांव वाले

हादसे में साइकिल चला रहे रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा गुलशन टक्कर लगने से खेत पर जा गिरा, जिससे वह बच गया। हादसे के बाद चालक तेज रफ्तार से बस लेकर भाग निकला और फिर दिबियापुर रोड पर एक ढाबे के पास बस खड़ी कर फरार हो गया। हादसे की जानकारी होते ही आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची फफूंद पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। ग्रामीण अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

हालात बिगड़ते देख कई थानों का फोर्स पहुंच गया, लेकिन ग्रामीण शांत नहीं हुए। बाद में सहार थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा और एसडीएम सदर राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और बस चालक के खिलाफ कार्रवाई व मुआवजा दिलाने का भरोसा देकर लोगों को शांत किया। एसडीएम और सहार थानाध्यक्ष के आश्वासन पर परिवार वालों ने जाम खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रोहित के बड़े भाई सुमित और मां फूलन देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। करीबी लोग उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

## सार-संक्षेप

### तीन घंटे देरी से कंचौसी पहुंची फरक्का एक्सप्रेस

**कंचौसी।** बुधवार को फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फरक्का एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 4 बजे के बजाय तीन घंटे की देरी से सुबह 7 बजे के बाद रेलवे स्टेशन पहुंची। कानपुर, अयोध्या, जौनपुर, लखनऊ, उन्नाव, बनारस, सुल्तानपुर, अकबरपुर, शाहगंज, आजमगढ़ आदि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को ट्रेन लेट होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन लेट होने के चलते यात्रियों को घंटों ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। भटिंडा से मालदा टाउन होकर बालुरघाट तक जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के समय की एडवांस सूचना भी दी जानी चाहिए, ताकि बेवजह इंतजार नहीं करना पड़े। वहीं, इटावा से कानपुर सेंट्रल तक जाने वाली मेमू ट्रेन 20 मिनट और शिकोहाबाद से कानपुर मेमू 15 मिनट एवं कानपुर टूंडला 30 मिनट की देरी से रेलवे स्टेशन पहुंची। जिससे कानपुर, रूरा, झीझक, मैथा, पनकी धाम, गोविंदपुरी, इटावा, अछल्दा, टूंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद आदि जगहों पर जाने वाले यात्री परेशान हुए। इस संबध में स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि ट्रेनें लेट होने की जानकारी यात्रियों को दी जा रही हैं।


हरसायपुर्वा में विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### अभिभावकों ने स्कूल विलय करने का किया विरोध

**अटसू।** शासन ने 27 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने से पहले चरण में 30 जून को 5000 स्कूलों को बंद कर दिया। वहीं जिस विद्यालय में 30 से नीचे की संख्या थी उन विद्यालयों को शिक्षा समिति के द्वारा बंद किया गया। अब 50 से नीचे जिस विद्यालय में संख्या है उनको बंद करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अजीतमल क्षेत्र के गांव हरसायपूर्वा में विद्यालय मर्ज को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि 25 जुलाई तक का समय दिया जाए। जिसमें सब ग्रामीण एकत्रित होकर बच्चों की संख्या बढ़ाएंगे। धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि उसने और प्रधान कुलदीप राजपूत के माध्यम से एसडीएम को ज्ञापन दिया है। वहीं, प्रधान कुलदीप राजपूत ने बताया है कि अगर गांव का विद्यालय बंद हो गया तो बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि विद्यालय काफी दूर है। इस मौके पर ग्रामीण गोविंद, प्रहलाद, राज नारायण, हृदय नारायण, गज्जन बाबू, सुमन देवी, अनीता देवी, रमी, भगवती, अर्चना, योगेंद्र, टिल्लू, रवींद्र आदि मौजूद रहे।

### तकिया में अभिभावकों ने किया स्कूल विलय का विरोध

**ऐरवाकटरा।** विकास खंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तकिया का विलय उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐरवा टीकूर मे किया जा रहा है। जिसकी दूरी गांव तकिया से तीन किलो मीटर है। जिससे अभिभावक व छोटे बच्चों को कठनाई का सामना करना पड़ेगा। जिसका विरोध रामदास, दिनेश, शिव कुमार, सतीश कुमार, प्रताप सिंह, फतेह सिंह, लाखन सिंह, महाराज सिंह, सुल्तान सिंह, अमीर सिंह, महेंद्र सिंह, तेज सिंह, विनोद आदि लोगों ने किया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल को मर्ज न किया जाए। विलय किए जाने से गरीब परिवारों के बच्चों को दिक्कत होगी।

### रानीपुर में भागवत कथा के समापन पर भंडारा

**फफूंद।** भाग्यनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत रानीपुर में रुद्र महायज्ञ एवं श्री भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। कथा विश्राम के बाद हवन-पूजन किया गया। बुधवार को भंडारे की शुरुआत कन्याओं और साधु-संतों को प्रसाद ग्रहण कराकर पीत वस्त्र के साथ दक्षिणा के साथ की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रविन्द्र मिश्रा, वीर सिंह यादव प्रधान, रामू मिश्रा, लालू मिश्रा, पीरे मिश्रा, सुबोध पांडेय, अरुण बाथम, लल्लन दुबे, सियाराम बाथम, शंकर प्रजापति, हरीशंकर कैथवार, मुनीम सविता आदि मौजूद रहे।


भंडारा का प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

# साहब! गलती हो गई नशे में निकली गाली

संवाददाता, रुरुगंज

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई की।

इंटरनेट मीडिया पर मंगलवार रात एक वीडियो वायरल हुआ जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही थी। वीडियो में युवक पीएम को गालियां देते हुए कह रहा है कि देश को बर्बाद किया जा रहा है, हालांकि दैनिक जागरण वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस ने गांव कुदरकोट निवासी आरोपित पवन कुमार पुत्र कैलाश बाबू निवासी मानीकोठी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया, और शांतिभंग की कार्रवाई की।

आरोपित ने पुलिस से कहा कि उससे गलती हो गई है- वह नशे में था जब उसने यह वीडियो वायरल की। गांव मानीकोठी निवासी पवन कुमार ने मंगलवार शाम इंटरनेट मीडिया पर पवन कुमार पवन कुमार नाम की फेसबुक आईडी से प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देश की संप्रभुता एकता और अखंडता को खतरे में डालने के आरोप में शांतिभंग की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ तहरीर नहीं मिली है, पीएम पर टिप्पड़ी को लेकर कार्रवाई की गई है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

# ब्रह्मनगर में छात्रों पर फायरिंग दुकानदारों में फैल गई दहशत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने सैनिक तिराहे पर चलाई गोली
- तीन युवकों पर नामजद रिपोर्ट पुलिस ने शुरू की तलाश

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्हनगर में बुधवार की दोपहर बाइक सवार युवकों ने कुछ छात्रों के ऊपर फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। इसके बाद बाइक सवार जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। सीओ सिटी ने छात्रों से जानकारी हासिल की है।

ब्रम्हनगर में बाल सैनिक तिराहे पर बुधवार की दोपहर कुछ छात्र आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच वहां बाइक पर सवार तीन-चार युवक पहुंचे और छात्रों के ऊपर फायर कर दिया। फायर होते ही अफरा-तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। एक छात्र ने बताया कि वे लोग सुबह जिम से बाइक पर अपने घर जा रहे थे, तभी पीछे से आई एक स्कार्पियो कार ने हूटर बजाया। उन लोगों ने अपनी बाइक किनारे कर ली थी, लेकिन स्कार्पियो सवार लोगों ने बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया था।

दोपहर में वे लोग लाइब्रेरी से लौटे थे और बाल सैनिक तिराहे पर बंद दुकान के सामने आपस में बात करने लगे, तभी वह बाइक पर सवार तीन-चार युवक आए और उनके ऊपर फायर कर दिया। एक फायर तिराहे पर किया, जबकि दूसरा फायर आगे जाकर किया और जान से मारने की धमकी दी। फायरिंग से लोगों में दहशत फैल गई। सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि फायरिंग के मामले में बघाकटरा निवासी वैभव चौबे, नौली के अनुज दीक्षित और गोविंद नगर के साहिल दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### गौतला कांड के शातिर ने युवक को बेरहमी से पीटा

**अछल्दा।** गौतला में दिनदहाड़े फायरिंग कर चर्चा में आया शातिर बदमाश फिर सक्रिय हो गया है। कई महीने पहले जेल जा चुका यह अपराधी पहले से ही कई गंभीर धाराओं में वांछित है, इसके बावजूद उसका दुस्साहस कम नहीं हो रहा। ताजा मामला कस्बे के हरीगंज बाजार का है, जहां शातिर सूरज पोरवाल पुत्र पप्पू बनारसी पोरवाल ने बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की बेरहमी से पिटाई की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को सरेआम लाठी-डंडों से पीटा गया, लेकिन मौके पर मौजूद लोग डर के मारे कुछ नहीं कर सके।


मारपीट करता शातिर।

## बैठक | जिलाधिकारी ने बेहतर सुविधाओं के साथ कार्य समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

# जनता इंटर कॉलेज का होगा जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अंतर्गत चयनित जनता इंटर कालेज अजीतमल के जीर्णोद्धार के संबंध में समीक्षा की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि आगणन तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराये, जिससे शासन को प्रेषित किया जा सके और स्वीकृति के बाद धनराशि आवंटित होते ही कार्य प्रारंभ किया जा सके।

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि जीर्णोद्धार कार्य मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध रूप से निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए, जिससे उसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की भी सतत समीक्षा की जाए, जिससे कार्य में अनियमितता व विलंब न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अयाना, प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज अजीतमल, प्रबंधक आदर्श इंटर कॉलेज अछल्दा सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।


बैठक के दौरान दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

# डीएम के फरमान का कोई असर नहीं

हिदायत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कई बार निर्देशों के बाद भी छुट्टा घूम रहे गोवंश, डीएम ने फिर दी कार्रवाई की चेतावनी
- विभागाध्यक्षों को निस्तारित मामलों की खुद समीक्षा कर हस्ताक्षर करने के निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिलाधिकारी ने पाया कि बार-बार निर्देशों के बाद भी छुट्टा गोवंशों को पकड़कर गोआश्रय स्थलों में नहीं भेजा जा रहा है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि इसे गंभीरता से लें और गोवंशों को पकड़कर संरक्षित कराना सुनिश्चित करें। जिस क्षेत्र में छुट्टा गोवंश दिखाई देंगे, उस क्षेत्र के अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने शिकायती पत्रों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गतमाह के संतुष्ट प्रतिशत में सुधार हो सके। उन्होंने आगाह किया कि विभागाध्यक्ष निस्तारण संबंधी प्रक्रिया की स्वयं जांच कर हस्ताक्षरित करना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थों को जिम्मेदारी न सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारण प्रकरण पर विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए।

जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पौधरोपण के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लाकवार नोडल अधिकारी नामित कर जिम्मेदारी तय करें। यह सुनिश्चित करें कि समय से पौध उठान, रोपण, सिंचाई, सुरक्षा आदि का कार्य बेहतर हो। इसकी आख्या भी उपलब्ध कराएं, ताकि पौधरोपण का सही विवरण मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी कारण वश कोई पौधा सूखता है तो दुबारा रोपित कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि 3 जुलाई तक पौध उठान हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री के सत्यापन के लिए संबंधित लेखपालों को सूची उपलब्ध कराकर 2 दिन में सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड से बढ़ेगा उत्पादन

## योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गो-आधारित प्राकृतिक खेती को प्रमुखता, गोबर-गोमूत्र व जीवामृत का व्यापक स्तर पर होगा उपयोग



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक दूरगामी योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा। पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि संभावित है।

इस कवायद में गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द शुरू किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा।

### राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### ओबीसी युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पिछड़े वर्ग के युवाओं को नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। युवाओं को 'ओ लेवल' व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं।

# देशभर में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में राजधानी समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल हुए। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी प्रांतों के अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी प्रदर्शन में शामिल हुए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश समेत हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा व हिसार में विरोध-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश में और कई प्रांतों में बिजली कर्मचारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों और कई उपभोक्ता संगठनों ने संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




निजीकरण के विरोध में राजधानी लखनऊ में रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

- किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी प्रदर्शन में हुए शामिल
- 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

प्रदेश में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव, अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### भ्रामक आंकड़े देकर किया जा रहा निजीकरण

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। प्रदेश के बिजली कर्मी बीते 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर राज्य सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की।

### बिना बिजली खरीद के हो रहा निजी कंपनियों को भुगतान

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपये का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उप्र. में सरकारी विभागों पर 14,400 करोड़ रुपये का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र. पावर कॉरपोरेशन व शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है।

# रिक्त होने वाले पदों की चयन प्रक्रिया में विलंब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागों की ओर से प्रस्ताव न देने पर शासन नाराज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून 2026 तक पदोन्नति के बाद विभागों में रिक्त होने पर पदों पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया करने की हिदायत दी थी। प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होनी थी, मगर विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से चयन प्रक्रिया शुरू करने होने में विलंब हो रहा है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार ने चेतावनी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभागों में वर्तमान में लंबित पदोन्नति के साथ ही आगामी 30 जून 2026 तक पदोन्नति से भरी जाने वाली रिक्तियों की गणना 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर, 15 अगस्त 2025 तक चयन प्रक्रिया शुरू कर ली जाए, अन्यथा अपर मुख्य सचिव व सचिव को विलंब की वजह स्पष्ट करनी होगी। मुख्य सचिव ने बुधवार को समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2025 से चयन वर्ष शुरू हो रहा है, मगर पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शुरू होने में विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर समय पर नियुक्ति नहीं हो पाएंगी।

# सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले। यह फैसला गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसला वापस नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है, यह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी व गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। उन्होंने रेलवे टिकट महंगे करने और बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश लोग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व कमाई घटने से परेशान हैं। ऐसे में रेल का किराया बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। यह संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक सोच वाला फैसला ज्यादा लगता है।

# विकास निधि का ट्री-गार्ड में प्रयोग करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वन राज्यमंत्री ने की वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि का एक प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे पौधरोपण के लिए प्रयोग करें। कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की आधारशिला को जोड़ा है।

वन मंत्री ने बुधवार को वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में 35 करोड़ पौधों के रोपण को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, प्रदेश में गत वर्षों में संपन्न वृक्षारोपण से लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। डॉ.अरूण सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रदेश का पौधरोपण लक्ष्य 35 करोड़ है, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों का लक्ष्य 22.4 करोड़ है।

# जातिगत जनगणना वंचित समुदायों की स्थिति उजागर करेगी : अनुप्रिया

## डॉ.सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना का सपना डॉ.सोने लाल पटेल ने देखा था, इसलिए अपना दल ने अपनी स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी और उन वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी, जो विकास की रोशनी से वंचित हैं।

अनुप्रिया पटेल चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। अपना दल ने डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करतीं अपना दल-एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

राज्य सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल किसी भी षड्यंत्र से डरने वाले नहीं है, हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।


## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




### वर्ग पहेली -19 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।


चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।


मेष

आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।


वृष

आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।


मिथुन

आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।


कर्क

आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।


सिंह

आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।


कन्या

आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।


तुला

आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।


वृश्चिक

आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।


धनु

आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।


मकर

आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।


कुंभ

आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।


मीन

आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

## सुडोकू-27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

### सुडोकू - 26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

गतिरात्मवतां सन्त : सन्त एव सतां गति : ।
असतां च गति : सन्तो न त्वसन्त : सतां गति : ॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते है। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते है लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट है: तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

> भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर–शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण–संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेहताशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?

> भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई, शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है। एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ, कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक


खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को ज़िंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना, उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पुलिस के सामने समझौता बाद में पत्नी को पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव निवासी अनीता ने बताया कि पति धर्मपाल लगातार प्रताड़ित करता है। उससे मजदूरी करवाता है और खर्च भी नहीं देता। दो महीने पहले पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने मायके बंडवा में रह रही है। महिला का कहना है कि कोतवाली में पुलिस के सामने समझौता हुआ था। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग उसे साथ ले गए थे। ससुराल में फिर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई होगी।

### राठ में कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित

**राठ।** कांग्रेस कमेटी ने कस्बे में संविधान बचाओ को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा की सरकार संविधान के ढांचों को तोड़ रही है। भाजपा नेता हिंदू मुस्लिमों को आपस में लड़ा रही है। उन्होंने कहा कि आवाम के हितों के लिए कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। सम्मेलन के दौरान अवनीश सलूजा, राजा पांडे, दिनेश सिंह, दुष्यंत राजपूत, बारेलाल आदि लोग रहे। संचालन रामप्रकाश शुक्ला ने किया।

### पुलिस ने चोर को माल सहित किया गिरफ्तार

**मौदहा।** सिसोलर पुलिस ने खैर गांव में चोरी का खुलासा कर दिया है। ख़ैर निवासी विनोद कुमार के घर से शुक्रवार की रात चोरों ने जेवर व सरसों की एक बोरी चोरी की थी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मंगलवार शाम भभई पुल के पास वीर सिंह को गिरफ्तार किया तो उसने विनोद के घर चोरी की बात कबूली। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### तीन पर मारपीट की रिपोर्ट

**कुरारा।** कस्बे के वार्ड छ निवासी लोटन कहार पुत्र कल्लू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि एक जुलाई को रात दस बजे मोहल्ला निवासी साधु पुत्र रामकिशन, विनोद व बंशी पुत्रगण दुर्जन प्रजापति घर के सामने खड़े होकर गाली गलौज कर रहे थे। उसी समय काम करके घर वापस आने पर उनको गाली देने से मना किया। जिस पर तीनों ने मिलकर लात घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। सिर में डंडे से प्रहार किया, जिससे गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर भतीजा संजय पुत्र चौबे बचाने आया तो उसे भी मारापीटा। उसके दाहिने आंख में चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक को रास्ते में रोककर बाइक सवारों ने पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव गहरा चैकी निवासी ऋतिक पुत्र नंदकिशोर ने बताया कि रविवार की रात करीब आठ बजे वह अपने रिश्तेदार को राठ के अंबेडकर चौराहे पर छोड़कर वापस अपने गांव औंता गहरा चौकी जा रहा था। बताया कि तभी रास्ते में सांईं मंदिर के पास दो बाइको में सवार पांच अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। बताया कि आरोपी युवकों ने उसका नाम पूछ कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारने पीटने लगे। आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी युवक उसे जबरन बाइक पर बिठाकर धनौरी गांव ले गए और उसे मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

### महिला ने गटका जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**कुरारा।** थानाक्षेत्र की सिवनी गांव में परिजनों से नाराज महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कस्बे की सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी शांति (37) पत्नी मानसिंह ने मंगलवार की शाम परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। रात में हालत बिगड़ने पर घर वाले उसे कस्बे की सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने बाद हालत में सुधार न होता देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बसपा की बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** बसपा की विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा के आवास में हुई। बैठक में सदर विधानसभा अध्यक्ष पद पर मौदहा के बिहारीलाल वर्मा व कुरारा के धर्मेंद्र भास्कर को विधानसभा प्रभारी बनाने की घोषणा की गई। बैठक में सेक्टरवार कार्य करने की समीक्षा की गई। साथ ही जिन सेक्टर में पदाधिकारियों की ड्यूटी लगी है उनसे जल्द जल्द अपने कार्यों की पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मंडल प्रभारी ज्ञान बाबू वर्मा, जिला प्रभारी रामफूल निषाद, जिला प्रभारी बीरेंद्र कुमार वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राकेश श्रीवास, नगर अध्यक्ष मौदहा धर्मेंद्र सोनकर, विधानसभा कोषाध्यक्ष नफीस अहमद मौजूद रहे।

---

**शहर के मेरापुर मोहल्ले में रास्ते पर भरा बारिश का पानी, बाल्टी लेकर जलभराव में उतरीं महिलाएं और बेटियां, ध्यान नहीं देते कोई जनप्रतिनिधि**

# महिलाओं ने बाल्टियों से उलीचा पानी

**मुसीबत**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के मेरापुर मोहल्ले में लगभग 100 मीटर लंबी गली में बारिश का पानी इस कदर भरा है कि महिलाओं और बच्चों को घरों से निकलने में मुसीबत झेलनी पड़ रही है। बुधवार को मोहल्ले की महिलाओं और बेटियों ने कच्चे रास्ते पर भरे पानी के बीच खड़े होकर प्रदर्शन किया और फिर बाल्टियों से गंदा पानी उलीचा।

मोहल्ले की महिलाओं का कहना है कि 100 मीटर आरसीसी सड़क बन जाए तो सारी मुसीबत दूर हो सकी है। सदर नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 10 मेरापुर में जलभराव की भीषण समस्या है। यहां के राजू, शुभम, कमलेश, संतोष, विमलेश, फगुनिया, मुन्ना, सुनील, आकाश ने बताया कि भगुनिया के मकान से किशना के मकान तक लगभग 100 मीटर की कच्ची गली में आरसीसी न होने से बारिश का पानी भर जाता है, जिससे घरों से निकलना मुश्किल है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इसी जलभराव से होकर गुजरते हैं। जरा सी चूक होने पर लोग गिर जाते हैं, जिससे कपड़े भीग जाते हैं। स्कूली बच्चे भी इस जलभराव में होकर गुजरते हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि 100 मीटर की कच्ची गली पर आरसीसी निर्माण को लेकर विधायक, नगर पालिका के चेयरमैन सहित अधिकारियों से शिकायत कर चुके है, लेकिन बजट का हवाला देकर टाल दिया जाता है। बुधवार को स्थानीय महिलाओं और बच्चों ने बाल्टी से जलभराव के पानी को फेंक कर प्रदर्शन किया।


बारिश के पानी को बाल्टियों से बाहर फेंकतीं मोहल्ले की बेटियां। अमृत विचार

- वार्ड 10 में 100 मीटर रास्ते पर आरसीसी डलवाने की मांग
- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से गुहार का कोई असर नहीं

# सुमेरपुर के वार्ड 12 में फैली गंदगी

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड नंबर 12 में गंदगी और अंधेरे की समस्या ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है। वार्ड के लोगों ने बताया कि जहां पर मोहर्रम के अवसर पर ताजिया बनते हैं और जुलूस निकलता है, वहां कूड़े का ढेर जमा है। नालियां भी महीनों से साफ नहीं कराई गई हैं, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय निवासी अमीन खान का आरोप है कि नगर पंचायत के सफाई कर्मी केवल वार्ड सभासद के आवास के आसपास ही सफाई करते हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों की अनदेखी की जाती है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इसके अलावा नरही मार्ग पर विगत एक माह से अंधेरा पसरा हुआ है। चार स्थानों पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब है, जिससे रात्रि में राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के चलते क्षेत्र में चोर-उचक्कों की गतिविधियों का खतरा भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत के विद्युत विभाग और चेयरमैन को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो वे विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि सफाई और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत तत्काल कराई जाए।


सुमेरपुर के वार्ड 12 में गंदगी पर लगा सुअरों का झुंड। अमृत विचार

### बिवांर में पाइप लाइन फटने से घरों में पहुंच रहा गंदा पानी

**बिवांर।** बिवांर-मौदहा सड़क के किनारे पेयजल की पाइपलाइन के फट जाने से आपूर्ति के बंद होने पर कीचड़ युक्त गंदा पानी पाइपलाइन में चला जाता है। आपूर्ति चालू होने पर यहीं गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने जल संस्थान के अधिकारियों को फोन से जानकारी दी थी। जिस पर अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए पंपिंग सेट को रखकर गड्ढे के पानी को खाली कर जेसीबी मशीन से कीचड़ को अलग किया और फटी पाइप लाइन को दुरुस्त कराया जा रहा है। जेई आशीष कुमार ने बताया कि पुरानी पेयजल की पाइप लाइन गड्ढे में फट गई थी। जिससे पानी को खाली कर लाइन को सही किया जा रहा है। नई पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति की गई है।

# वकीलों ने खुलासे की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** तीन माह पहले अधिवक्ता के घर हुई चोरी का खुलासा न होने से नाराज अधिवक्ता संघ ने बुधवार को जजी परिसर से लेकर कलेक्ट्रेट व एसपी कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एडीएम विजय शंकर तिवारी व एएसपी मनोज कुमार गुप्ता को सौंपा है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित और महामंत्री शैलेन्द्र सचान के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के सिमनौड़ी गांव निवासी संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष रामकिशन के घर पर बीते 17 मार्च की रात्रि में चोरी हुई थी। जिसकी उन्होंने धन्नू उर्फ़ धर्मेन्द्र सहित तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध शंका के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन सुमेरपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

बताया कि पीड़ित अधिवक्ता पुलिस की कार्यशैली से आहत होकर पूर्व में भी क्रमिक अनशन कर चुका है। जिसमें सीओ और थाना प्रभारी ने घटना का खुलासा कर शीघ्र माल बरामदगी का आश्वासन दिया था। लेकिन सुमेरपुर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर पीड़ित 25 जून से जजी गेट पर क्रमिक अनशन शुरू किया। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर बुधवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने अधिवक्ता रामकिशन सहित जिले में हो रही चोरियों का खुलासा कराने की मांग की। वहीं गुरुवार को अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान कमलेश कुमार धुरिया, अमरजीत शुक्ला, स्वदेश सचान, सागर मिश्रा, सचिन कुमार, दीपक चक्रवर्ती, मनोज पाल सिंह, देवेंद्र सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, गजेंद्र पाल सिंह, निरंजन देव मिश्रा सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।


जनपद न्यायालय के गेट पर क्रमिक अनशन में बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

- चोरी के खुलासे को लेकर अधिवक्ताओं का अनशन
- सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम व एएसपी को सौंपा

# अब सप्ताह में तीन दिन होगी वाहनों की फिटनेस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- अभी तक सप्ताह के 6 दिन होती थी फिटनेस
- आरआई की हफ्ते में 3 दिन इटावा में लगी ड्यूटी

**अमृत विचार।** उपसंभागीय कार्यालय एआरटीओ ऑफिस हमीरपुर में अब सप्ताह में सिर्फ तीन दिन वाहनों की फिटनेस होगी। इसकी जानकारी एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने दी।

गौरतलब है कि जनपद के कुछेछा स्थित उपसंभागीय कार्यालय में पिछले कई सालों से रविवार को छोड़कर हर रोज वाहनों की फिटनेस होती चली आ रही थी। अभी कुछ दिन पहले करीब डेढ़ माह पहले एआरटीओ कार्यालय में आरआई गिरीश चौधरी की नियुक्ति हुई थी। इसके पहले आरआई का पद पिछले कई सालों से खाली चल रहा था। एआरटीओ प्रशासन ही फिटनेस का कार्य देख रहे थे।

अब एआरटीओ कार्यालय में वाहनों की फिटनेस जांच सप्ताह में सिर्फ तीन दिन सोमवार, मंगलवार और बुधवार को होगी। बताया जाता है कि परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों ने आरआई की ड्यूटी तीन दिन हमीरपुर और तीन दिन इटावा उपसंभागीय कार्यालय में लगा दी गई।

हमीरपुर कार्यालय में तीन दिन आरआई के रहने से वाहन स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एआरटीओ प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों के वाहन की फिटनेस डेट 3 जुलाई थी, ऐसे वाहनों की फिटनेस अब 7 जुलाई को होगी। बताया कि मैसेज के माध्यम से वाहन स्वामियों को सूचना भेज दी गई है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



मोहर्रम को लेकर बैठक करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

### मोहर्रम को लेकर एसडीएम और सीओ ने की बैठक

**मुस्करा।** थाना परिसर में मौदहा एसडीएम व राठ सीओ की मौजूदगी में मोहर्रम को लेकर शांति समिति बैठक हुई। बैठक में एसडीएम राजकुमार गुप्ता ने मोहर्रम में होने वाली समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। राठ सीओ राजीव प्रताप सिंह ने सुअर पालकों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में थाना प्रभारी दीक्षित योगेश तिवारी, सदर सिद्दीकी सौदागर, ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप अहिरवार, जाकिर, बाबू खां, अब्दुल रशीद, अनीश, कुबेर राजपूत, तौफीक वेग, लीक वेग आदि मौजूद रहे।


धनौरी में पौधरोपण करते मंडलायुक्त अजीत कुमार व अन्य। अमृत विचार

### मंडलायुक्त ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर रोपा पौधा

**हमीरपुर।** वन महोत्सव के तहत राठ रेंज के धनौरी में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अजीत कुमार ने वट वृक्ष का रोपण किया गया। वहीं बुंदेलखंड में जल पुरुष उमाशंकर पांडेय ने पाकड़ प्रजाति के पौधे का रोपण किया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना, उपायुक्त श्रम रोजगार राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने 100 पौधों का रोपण किया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने उद्बोधन में एक पेड़ मां के नाम 2.0 प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। साथ ही संरक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। स्थानीय विद्यालयों से आमंत्रित विद्यार्थियों को छाता वितरित किए। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी एके श्रीवास्तव, उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# बारिश से तिल की फसल बर्बाद होने का बढ़ा खतरा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- खेतों पर पानी भरने से फसल सड़ जाने की संभावना

**अमृत विचार।** लगातार बारिश होने से शुरुआत में ही तिल की फसल को झटका लगने की संभावना बलवती हो उठी है। किसानों का मानना है कि लगातार बारिश तिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

पिछले कई दिनों से तकरीबन प्रतिदिन बारिश हो रही है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होने से खेतों में पानी भरने लगा है। इससे तिल की फसल में शुरुआती दौर में ही झटका लगने की संभावना बलवती होने लगी है। बता दे कि जून के आखिरी सप्ताह में किसानों ने अस्सी फीसदी तिल बो दी है। इसकी बुवाई होने के बाद बारिश का क्रम जारी है। प्रतिदिन बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई।

किसान मानसिंह, प्रदीप कुमार, सुरेश कुमार, उदयभान, इंद्रपाल, नवीन यादव, चंद्रपाल, रामकिशोर आदि ने बताया कि तिल की बुवाई होने के बाद बारिश का क्रम जारी रहने से इस फसल में संकट के बादल मंडराने लगे हैं। लगातार बारिश होने से यह फसल अभी तक ढंग से उगी भी नहीं है। अगर और बारिश होती है तो इसके उगाने की संभावना क्षीण हो जाएगी। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने कहा कि तिल की बुवाई के बाद कम से कम एक सप्ताह बारिश नहीं होनी चाहिए। तभी जमाव सही ढंग से हो पता है। अगर जल्दी-जल्दी बारिश होती है तो तिल की फसल उगने की संभावना क्षीण हो जाती है।

# पागल कुत्ते ने 30 लोगों को काटा

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के साथ अमिलिया थोक एवं फैक्टरी एरिया क्षेत्र में पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है। इसने राह चलते करीब 30 लोगों को निशाना बनाया है। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है। एक दर्जन से ज्यादा लोग उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं। जहां सभी को वैक्सीन लगाई गई है।

पिछले दो दिनों से कस्बे की अमिलिया थोक एवं फैक्टरी एरिया में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है। उसने दो दिनों में करीब 30 लोगों को अपना निशाना बनाया है। अमिलिया थोक निवासी शिवरती, संतोष कुमार, अन्नू, रमेश कुमार, मौसम अली, सविता देवी, अनिल कुमार, सौरभ, शुभम, रामचरन, मनीषा, बृजभूषण, अमन कुमार, आरिफ एवं पंकज आदि पागल कुत्ते के निशाना बने हैं। डॉ.शशांक ने बताया कि बुधवार को करीब तीस लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए, जिन्हें वैक्सीन लगाई गई है। लोगों के अंदर दहशत व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह अचानक हमला कर काटने के बाद तेजी के साथ भाग जाता है। रात के समय निकलने वाले लोग इसे बेहद सतर्क हैं। यह पिछले दो दिनों से फैक्टरी एरिया से लेकर अमिलिया थोक के आसपास ही घूम घूम कर लोगों को निशाना बना रहा है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि घटना की जानकारी आई है। कुत्ते को पकड़ने के लिए टीम भेजी जा रही है।


पीएचसी में वैक्सीन लगवाने के लिए बैठे पीड़ित। अमृत विचार

- अमिलिया थोक और फैक्ट्री एरिया में कुत्ते का हमला


बिवांर कस्बे के पाथा देवी मंदिर में भोजन बनातीं महिलाएं। अमृत विचार

### महिलाओं ने मंदिर में बनाए लजीज व्यंजन, लगाया भोग

**बिवांर।** कस्बे की खुशहाली व भोजन की कमी न रहने की मन्नतों के साथ महिलाओं ने विभिन्न व्यंजनों के साथ कस्बे के पाथा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। थाने में तैनात महिला कांस्टेबलों को भोजन कराया। बुंदेलखंड में आषाढ़ के महीने में मां दुर्गा मंदिर परिसर में जाकर महिलाओं की भोजन बनाए जाने की प्रथा बरकरार चली आ रही है। जिसमें महिलाएं कंडे की आग में हाथों से रोटियां बनाती है। जिन्हें भौरियों के नाम से जाना जाता है। विशेषकर यह प्रथा देहात गांव में आज भी जीवित हैं। पुरानी प्रथा को जीवंत बनाए रखने के लिए गांव वासियों की आस्था का केंद्र पाथा देवी मंदिर में सुबह से गांव की महिलाओं की भीड़ एकत्र हो गई। कस्बे की खुशहाली व अन्न भोजन की कमी न होने को लेकर मंदिर के परिसर में महिलाओं की अलग-अलग टोलियां खाना बनाया। महिलाओं ने कंडे को जलाकर बिना तवा, बेलन के रोटी बनाने के साथ अन्य तरह तरह के व्यंजन बनाए। और पूरे परिवार के साथ महिलाओं ने देवी मंदिर में भोग लगाकर भोजन किया है।

### प्रवेश के लिए जीजीआईसी गई छात्रा लापता, तलाश शुरू

**राठ।** कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए आई एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों के चलते लापता हो गई। मां ने कोतवाली में तहरीर दी है। मझगवां थाने के झिन्ना वीरा गांव निवासी अखिलेश कुमारी पत्नी रमेश ने बताया कि सोमवार को उसकी 17 वर्षीय पुत्री नेहा देवी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अपना एडमिशन कराने के लिए आई थी। बताया कि सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे वह भारतीय स्टेट बैंक तिराहा के पास से अचानक लापता हो गई। बताया कि उसने सभी संभावित स्थानों पर अपनी पुत्री को खोजने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पुत्री का कहीं पर भी पता नहीं चल सका है। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया किशोरी की तलाश की जा रही है।

**वापस लेने की मांग** — आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# विद्यालयों के विलय के विरोध में आप का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में आप कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए है। बुधवार को आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। जिसमें उन्होंने 16 जून को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में दिए एडीएम विजय शंकर तिवारी को दिए ज्ञापन में प्रदेश प्रवक्ता रमन सिंह आजाद ने बताया कि 16 जून 2025 को एक शासनादेश निर्गत किया गया है। जिसमें कहा गया है कि जो कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालय हैं, उनके पास के बड़े विद्यालयों में विलय कर स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा। कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 में 27308 मदिरा की नई दुकान खोली, जबकि दूसरी तरफ अब तक 26 हजार से अधिक विद्यालय बंद हो चुके हैं।

अब बच्चों के कम संख्या के बहाने 27 हजार और प्राथमिक विद्यालय बंद करने जा रही है। उन्होंने 16 जून 2025 को जारी मर्जर आदेश में कहीं भी न्यूनतम अथवा अधिकतम संख्या का निर्धारण नहीं किया गया। कई चरणों में कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद कर रही है। पहले चरण में 10 से 20 छात्र वाले स्कूल, दूसरे चरण में 20 से 50 छात्र वाले स्कूल, तो कई जगह तो 50 से अधिक छात्र वाले स्कूलों को भी बंद करने का प्रस्ताव जारी कर दिया है। योगी सरकार के मर्जर आदेश से शिक्षा के अधिकार अधिनियम व बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने सहित सात सूत्री आपत्ति जताई है।

उन्होंने 16 जून को जारी शासनादेश को वापस लेने की मांग की है। इस मौके पर बलराम सेन, त्रिलोक चंद्र, श्याम प्रकाश तिवारी, नवनीत सिंह, अरविंद शिवहरे, अनिल विश्वकर्मा सहित एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# जनपद में 234 स्कूलों के विलय का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कम बच्चे होने पर इस विद्यालय विलय होगा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। जिले में 50 से कम छात्र संख्या वाले जिले के 234 परिषदीय विद्यालयों को नजदीक के विद्यालयों में मर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे अब विद्यालयों की दूरी बढ़ जाने से अभिभावक खासे चिंतित हैं। जिले के चारों ब्लाक के बीईओ ने विलय किए जाने वाले विद्यालयों का चयन कर लिया है।

बच्चों के लिए एक विद्यालय से एक किलोमीटर की दूरी पर दूसरे विद्यालय संचालित किए गए थे, जिससे बच्चों को अधिक दूर पढ़ाई के लिए न जाना पड़े। साथ ही विद्यालय नजदीक होने से छात्र-छात्राओं की छात्र संख्या भी बढ़ रही थी, लेकिन अब शासन के निर्देश पर 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीक के विद्यालय में समायोजित किए जाने के आदेश के बाद खलबली मची है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने खंड शिक्षा अधिकारियों को 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को चिह्नित करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद खंड शिक्षा अधिकारियों ने सूची तैयार कर बीएसए को सौंप दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ब्लाक चरखारी क्षेत्र में 57, जैतपुर क्षेत्र के 55 विद्यालय, कबरई क्षेत्र में 50 और पनवाड़ी क्षेत्र में 72 ऐसे विद्यालय हैं, जिनमें छात्र संख्या 50 से कम है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 10 से 20 छात्र वाले स्कूलों का समायोजन कर दिया गया है। इसके अलावा जिले में 177 शिक्षकों का जिले के अंदर स्थानांतरण भी किया गया है। बीएसए ने बताया

- चरखारी के 57, जैतपुर के 55, कबरई के 50 और पनवाड़ी के 72 स्कूलों की भेजी सूची

कि कुछ प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को जूनियर विद्यालयों में सहायक अध्यापक के रूप में तैनात किया गया है। इस व्यवस्था से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है।

बच्चों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिल सकेगा। समायोजित स्कूलों के छात्रों को नजदीकी विद्यालय में शिक्षा की सुविधा मिलेगी। बताया कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में अक्सर संसाधनों का सही उपयोग नहीं हो पाता है, लेकिन समायोजन होने से इन संसाधनों को अधिक छात्रों वाले विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाने से उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा।

# रैली के जरिए स्कूल चलने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिजहरी के बच्चों ने शिक्षकों के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर अभिभावकों से अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया, जिससे बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत प्रवेश कराया जा सके। रैली में बच्चे हाथों में बैनर के साथ नारे लगाते हुए चल रहे थे।

श्रीनगर क्षेत्र की न्याय पंचायत सिजहरी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यपक दयाराम वर्मा ने अध्यापकों के सहयोग से स्कूल चलो रैली निकाली। रैली गांव की गली-कूचे से होकर पुनः विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। रैली दौरान छात्र छात्राएं घर घर में समझाना है स्कूल चलो स्कूल चलो। कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका


पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिजहरी के छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली। अमृत विचार

अधिकार, एक भी बच्चा छूटा समझो संकल्प हमारा टूटा। आधी रोटी खाएंगे बच्चों को स्कूल पहुंचाएंगे हमसब ने मिलकर ठाना है, एक एक बच्चे को स्कूल पहुंचाना आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे।

छात्र-छात्राओं ने गांव भ्रमण दौरान अभिभावकों को अपने अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए जागरूक किया। स्कूल चलो रैली का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चे का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर शिक्षा ग्रहण कराए जाने के लिए भी प्रेरित किया। रैली में बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। रैली दौरान अरुणा दुबे अपर्णा नायक सतेंद्र सिंह बृजकिशोर मिश्रा सहायक अध्यापक कमलेश कुमार वर्मा घनश्याम अवधेश कुमार अनुदेशक बालकराम रामकुमार वर्मा जितेंद्र कुमार अच्छेलाल आदि रहे।

## एक नजर

### करंट लगने से ग्रामीण 20 फीट नीचे गिरा

**महोबा।** खन्ना थाना क्षेत्र के चिचारा गांव का रहने वाला मुन्ना अहिरवार (30) पुत्र नत्थू अहिरवार बुधवार को जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। बारिश हो जाने के बाद पेड़ और पत्तियां भी पूरी तरह से गीली थी, जिससे पेड़ के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन नही दिखाई दे रही थी। जामुन तोड़ते समय अचानक ग्रामीण का हाथ हाईटेंशन लाइन में हल्का से छू गया। तभी ग्रामीण करंट लगने से बुरी तरह झुलसने के बाद नीचे जा गिरा। परिजनों ने उसे पहले जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टर की सलाह पर मेडिकल कालेज झांसी ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

### पति पर मारपीट का आरोप पुलिस को दी तहरीर

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के रोहारी गांव निवासी ज्ञान देवी पत्नी चंद्रपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पति शराब पीने का आदी है। शराब के नशे में मारपीट करता चला आ रहा है। साथ ही दूसरे युवक से अवैध संबंध का आरोप लगाता है। बुधवार को पति ने शराब के नशे में उसकी थप्पड़ घूंसा व डंडे से जमकर मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। पुत्री के बीच बचाव के करने पर उसके साथ भी मारपीट की। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस पति को हिरासत में लेकर थाना ले आई है। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लहच्यूरा बांध से छोड़ा 45.500 क्यूसेक पानी

## खतरे के निशान के ऊपर पानी आने पर पांच फाटक खोले गए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मुनादी कराकर आसपास के छह गांवों को किया गया अलर्ट
- मध्य प्रदेश में भारी बारिश होने से बांध में बढ़ गया जलस्तर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित लहच्यूरा बांध में पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश में भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रहे पानी के कारण बांध लबालब भर गया है। सिंचाई विभाग ने बांध के पांच फाटक खोलकर धसान नदी में 45.500 क्यूसेक पानी छोड़ा है।

बांध की अधिकतम जल संग्रहण क्षमता 182.30 मीटर है। सुखनई नदी और आसपास के जल स्रोतों से भी भारी मात्रा में पानी पहुंचा है। सिंचाई विभाग ने धसान नदी किनारे बसे छह गांवों में मुनादी कराकर अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को नदी के पास न जाने की हिदायत भी दी गई है। बांध में तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सिंचाई विभाग ने अर्जुन सहायक नहर में 1.200 क्यूसेक पानी छोड़ा है। यह पानी चरखारी तहसील के अर्जुन


लहच्यूरा बांध के फाटक खोलकर पानी छोड़ा गया। अमृत विचार

बांध तक पहुंचेगा, जिससे खाली पड़े अर्जुन बांध का जलस्तर बढेगा और किसानों को अर्जुन बांध से सिंचाई में मदद मिलेगी।

लहच्यूरा बांध के अवर अभियंता रामआसरे का कहना है कि मध्य प्रदेश में हो रही तेज बारिश के चलते बांध का जलस्तर बढ़ा है। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए फाटक खोले गए हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बांध पर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है, जो दिन-रात ड्यूटी कर बांध के बढ़ते जल स्तर की वस्तु स्थिति से अवगत करा रहे हैं। प्रशासन की चेतावनी और विभाग की तैयारी से संभावित खतरा टला है। जलभराव वाले इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## कड़ाही के खौलते तेल में गिरने से बच्ची झुलसी

**महोबा।** खरेला थाना क्षेत्र के पहरेथा गांव में खेलते समय एक मासूम बच्ची कड़ाही के खौलते तेल में गिर गई। किसी तरह परिजनों ने उसे बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के कारण डाक्टर ने झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है, जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

पहरेथा गांव निवासी सुरेश कुमार की छह वर्षीय बेटी अनामिका बुधवार को सुबह मां के पास खेल रही थी। मां कड़ाही में तेल खौला रही थी। तभी खेलते-खेलते बच्ची कड़ाही में गिर गई और गर्म तेल से बुरी तरह झुलस गई। बच्ची को चीखता-चिल्लाता देख घर के लोग उसे जिला अस्पताल लाए, जहां पर इमरजेंसी वार्ड में बच्ची का उपचार शुरू किया गया। बच्ची बुरी तरह झुलस जाने के कारण उसकी हालत नाजुक देख कर डाक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बच्ची के बुरी तरह झुलस जाने के बाद परिजनों में गमगीन माहौल है। बच्ची को झुलसा देख पीड़ित के घर में शाम को खाना तक नही बना है। उधर मेडिकल कालेज में बच्ची जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही है।

# महिला पहलवानों में कांटे की कुश्ती

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी क्षेत्र के मां मदारन देवी मंदिर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में पुरुषों के अलावा महिला पहलवानों के मध्य भी कुश्तियां हुई, जिसे देखने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से लोगों की खासी भीड़ जुटी। दंगल में देश के कई शहरों के पहलवानों ने प्रतिभाग करते हुए अपने दांव-पेच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद यादव ने किया। इसके बाद पहलवानों के हाथ मिलाकर कुश्ती का आगाज कराया। प्रतियोगिता में कानपुर से आए पहलवान आशीष और प्रयागराज के अंशुल के मध्य पहली कुश्ती का मुकाबला हुआ, जिसमें दोनो पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे को पटखनी देने की कोशिश की, लेकिन आखिर तक कोई निर्णय नहीं निकल सका और यह कुश्ती बराबर रही। इसके बाद इटावा के शिवा व फिरोजाबाद के सत्येंद्र के बीच भी कुश्ती हुई और यह मुकाबला भी ड्रॉ हो गया। पुरुष वर्ग का आखिरी मुकाबला गाजियाबाद के हैप्पी यादव और फिरोजाबाद


दंगल में दांव-पेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार

- चरखारी के मां मदारन देवी मंदिर परिसर में आयोजित हुई दंगल प्रतियोगिता

के सत्येंद्र के मध्य हुआ, जिसमें हैप्पी यादव ने सत्येंद्र को हराकर 11 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। दंगल प्रतियोगिता के अंत में महिला वर्ग की कुश्ती में दिल्ली की वैशाली और इटावा की पूनम के बीच कराया गया। दोनों महिला पहलवानों ने एक-दूसरे को हराने के लिए काफी देर तक जोर आजमाइश की, लेकिन कोई निर्णय न निकलने के बाद रेफरी ने कुश्ती बराबरी पर छोड़ी। महिला पहलवानों की कुश्ती देखने के लिए सर्वाधिक दर्शकों की भीड़ रही। कार्यक्रम का आयोजन सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव और अंकित सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू कुशवाहा सहित कई सपा नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटा गया।

# स्कूली वाहनों की हुई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने यातायात पुलिस टीम के साथ बुधवार को शहर के विभिन्न मार्गों में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। स्कूली बसों को रोककर बारीकी से जांच की गई।

चेकिंग अभियान के दौरान स्कूली बसों, वैन एवं अन्य वाहनों में स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस, वैध परमिट, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी गेट, सिटिंग कैपेसिटी आदि की भी जांच की गई। चेकिंग अभियान के दौरान एक के एक मार्ग



स्कूली वाहन की चेकिंग करते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

में जाकर स्कूली वाहनों को चेक किया।

कई स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर सम्बन्धित वाहन स्वामियों एवं विद्यालय प्रबंधनों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।साथ ही सुरक्षा मानकों की कमी को दूर करने पर की भी बात कही।

## बुजुर्ग महिला ने खाया जहर, भर्ती

**महोबा।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के पवा गांव में एक बुजुर्ग महिला ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। डाक्टर का कहना है कि हालत में सुधार दिख रहा है।

पवा गांव निवासी गुमान (75) पत्नी मइयादीन ने बुधवार को सुबह जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई, जिससे परिजनों के हाथ पांव फूल गए। और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। जहर खाने का कारण परिजन नही बता पा रहे है।

# दबंग ने जबरन जोत डाला गरीब परिवार का खेत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ तहसील के जैतपुर निवासी एक किसान के खेत को दबंगों द्वारा जुताई कर लिए जाने से पीड़ित परिवार को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने दबंगों से खेत जुताई से मना करने पर उनके द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित पुत्र द्वारा संबन्धित चौकी पुलिस से शिकायत की गई तो पुलिस ने उसे ही चौकी बैठा लिया। पीड़ित ने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र ग्राम जैतपुर निवासी छिद्दी पुत्र हल्काई ने बताया कि मौजा रानीपुरा


डीएम को शिकायती पत्र देने जाते पीड़ित अमृत विचार

में उसकी कृषि भूमि है, जिस पर वह खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के एक दबंग परिवार ने जबरन खेत जोत लिया और जब ग्रामीणों द्वारा उसे यह बात मालूम हुई तो उसने खेत जोतने के बावत मना किया तो उक्त दबंगों ने गाली गलौज भगा दिया और आएदिन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बताया

- पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई, मिला आश्वासन

कि उसके पुत्र ने इसकी शिकायत चौकी जैतपुर में की पुलिस ने उल्टा ही पुत्र को बैठाकर उसके साथ मारपीट की गई।

पीड़ित ने बताया कि दबंग द्वारा खेत जोत लिए जाने से उसे अपने परिवार का भरण पोषण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके चौकी पुलिस से शिकायत करने के बाद भी उसके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, इतना ही नहीं लेखपाल व कानूगो ने बिना सूचना दिए ही नाप करवा दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से जांच कराते हुए दबंगों के खिलाफ कार्रवाई के मांग उठाई है।

समस्याएं आईं | दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने जिलाधिकारी की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# खराब ट्रांसफॉर्मर 24 घंटे के अंदर हर हाल में बदलें : एमडी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एमडी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम नीतीश कुमार ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में जिले के विद्युत विभाग से सम्बंधित आधिकारिओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विकास भवन सभागार में विद्युत से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के लिए समीक्षा बैठक की।

बैठक में एमडी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम नें सभी अवर अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत लाइन से अगर कोई घटना घटती है तो पीड़ित परिवार से मिलकर सद्भावना दें और आर्थिक सहायता प्रदान करें। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में जर्जर तारों की समस्या है,


बैठक में निर्देश देते बिजली विभाग के एमडी। अमृत विचार

इस पर एमडी ने जर्जर तारों को बदलने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि लोगों को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ती की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मजरें जहां पर लाइट की व्यवस्था नहीं है, ऐसे मजरो को चिन्हित करके विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया 2023-24 के विद्युत से संबंधित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। 2025-26 के कार्य प्रगति पर हैं। चरखारी विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत की मांग पर एमडी ने घरों के ऊपर से निकली लाइन पर सेफ्टी कवर लगाने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में डीपी की बहुत समस्या है, उन स्थानों पर अगर ट्रांसफर स्थापित कर दिए जाएं तो लोगों की समस्या ख़त्म हो जाएगी, इस पर उन्होंने विद्युत विभाग को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया।

एमडी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर 10 या 16 केवी के ट्रांसफार्मर हैं, वहां 25 केवी के ट्रांसफार्मर कन्वर्ट किए जाएं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर को 24 घंटे के अंदर बदला जाए। उन्होंने सभी अवर अभियंता को निर्देश दिए कि व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और ग्रुप में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत लोगों को जोड़ा जाए और इसके माध्यम से समस्याओं का निस्तारण भी किया जाए।

व्यापारियों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि बार-बार लाइट ट्रिप होने की वजह से बहुत समस्या होती है, इस पर उन्होंने अलग से कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाहा सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पान किसानों ने प्रबंध निदेशक को सौंपा पत्र

- पान किसानों ने समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के प्रबंध निदेशक से मुलाकात की और बताया कि खेतों के पास डीपी लगा दी जाए तो पान की उन्नत खेती आगे बढ़ सकेगी, इस पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सर्वे करके डीपी रखवाने के लिए निर्देश दिए।

# दुलदुल जुलूस की तैयारियां पूरी, आज हुसैन की सवारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दुलदुल को खिलाने के लिए खूब बिकती जलेबी

**अमृत विचार।** बुन्देलखंड के चरखारी में मोहर्रम की सातवीं तारीख को निकाली जाने वाली हजरत इमाम हुसैन की सवारी (दुलदुल) जुलूस की मोहर्रम कमेटी द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। पालिका प्रशासन ने दुलदुल जुलूस मार्ग पर सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर मार्गो पर साफ सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करा दी गई है।

169वीं हजरत इमाम हुसैन की सवारी (दुलदुल) जुलूस मोहर्रम की सात और अंग्रेजी 03 जुलाई को बीपार्क से निकाला जाएगा। हर साल निकलने वाले दुलदुल जुलूस को देखने के लिए बुन्देलखंड के बांदा, हमीरपुर, छतरपुर, झांसी, जालौन जिलों के लोग दुलदुल जुलूस को देखने आते है। जिसके चलते मोहर्रम की सातवीं तारीख को जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजरत इमाम हुसैन की सवारी के दौरान सजाए गए नीबू निकाल कर उसका सेवन किया जाता है। एक साल में उसकी मुराद पूरी हो जाती है। तब अकीदत के साथ लोग सोने व चांदी के नीबू चढाते है और दुलदुल को दूध-जलेबी खिलाकर अकीदत पेश करते है। जुलूस के दौरान पूरी रात चलने वाले जलसे के दौरान एक रात में कुंतलों जलेबी बिक जाती है। यहां पर मुस्लिमों के अलावा हिन्दू भाई भी मन्नत मांगने आते है।

# स्कूल युग्मन के खिलाफ आप का प्रदर्शन

## प्रदेश सरकार पर निजीकरण को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एएसडीएम को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



स्कूलों के युग्मन के खिलाफ प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के लोग। अमृत विचार


विद्यालय को मर्ज करने के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे सिलखोरी के ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की परिषदीय विद्यालयों के युग्मन की नीति के खिलाफ विपक्षी दल हमलावर हैं। बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया और एएसडीएम राकेश पाठक को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा और इस पर रोक लगाने का अनुरोध किया। आप कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रदेश सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना सोचे समझे कानून का उल्लंघन करते हुए 16 जून को एक शासनादेश निर्गत किया है, जिसमें कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पास के बड़े विद्यालयों में मिलाने की बात कही है। उन्होंने कटाक्ष किया कि एक ओर सरकार मदिरालयों को खोलने का रिकार्ड बना रही है वहीं दूसरी ओर स्कूल बंद कराए जा रहे हैं। दावा किया कि 2024 में 27308 मदिरालय खोले गए और अब तक 26 हजार से अधिक स्कूल बंद हो चुके हैं। कम बच्चों के बहाने 27 हजार और स्कूल बंद कराए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी को सरकार के आदेश पर कई आपत्तियां हैं। आदेश में कहीं भी न्यूनतम और अधिकतम संख्या का निर्धारण नहीं किया गया। पहले चरण में 20, दूसरे में 20 से 50 और तीसरे में 50 से अधिक छात्रों वाले स्कूलों को भी बंद करने का प्रस्ताव जारी कर दिया गया। यह आदेश शिक्षा के अधिकार अधिनियम और बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। बताया कि आरटीई एक्ट में साफ लिखा है कि एक किमी की सीमा में एक विद्यालय आवश्यक है। इसमें परिवर्तन किए बिना परिवर्तन संभव नहीं है। मर्जर आदेश से प्रदेश के 27 हजार परिषदीय विद्यालय अपना अस्तित्व खो देंगे। आशंका जताई कि इनमें कार्यरत शिक्षामित्र और रसोइयों की भी सेवा सरकार समाप्त कर देगी। आप कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्कूलों को बंद करने से लगभग 1,35,000 सहायक शिक्षकों के पद और 27 हजार प्रधानाध्यापकों के पद एक साथ समाप्त हो जाएंगे। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में अनुरोध किया गया कि सरकार इस आदेश को वापस ले नहीं तो आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता आंदोलन को विवश होंगे। इस मौके पर श्याम बाबू त्रिपाठी, लवलेश केशरवानी, नर्वदा प्रसाद यादव, विमल गुप्ता, बसंत पटेल, जितेंद्र गोयल, धनराज सिंह, अनुरुद्ध सिंह यादव, महफूल अहमद, प्रमोद कुमार सोनी, रामकेश श्रीवास, अमरजीत, सुग्रीव, रामप्रसाद, बंस स्वरूप, प्रेम नारायण आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### साहब! स्कूल समायोजित होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी

**चित्रकूट।** चित्रकूट ब्लाक के सिलखोरी गांव के बाशिंदों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गांव के स्कूल का युग्मन रोकने की गुहार की। गांव के बृजमोहन, भैरमदीन, राजकुमार, रामदास, रामराज, भगवानदीन, रामसुमेर, रमेश प्रसाद, दिलदार, अशोक, बद्री, विजय सिंह, साधू, राजेश, शिवप्रसाद, विरेंद्र, विनोद, रामस्वरूप, मंगल, पइया, वादा प्रसाद, रमेश नामदेव, मदन सिंह आदि ने बताया कि उनके गांव के परिषदीय स्कूल का दो किमी दूर बंदरी गांव के स्कूल में मर्जर किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। बताया कि वे लोग बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

# प्रदेश सीमा पर नए दस्यु गिरोह की आहट, पुलिस की कांबिंग जोरों पर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- एसपी ने कहा, किसी गिरोह की सक्रियता की पुष्टि नहीं
- गिरोह में बताए जा रहे 12 सदस्य, दो महिलाएं भी


जंगल में कांबिंग करती पुलिस।

**अमृत विचार।** क्या चित्रकूट और मप्र सीमा पर कोई नया दस्यु गिरोह पनप रहा है। पुलिस महकमे के साथ आम आदमी के जेहन में यह सवाल है। चर्चाओं का भी बाजार गर्म है। जिस तरह से मप्र सीमांतर्गत क्षेत्र में वहां की पुलिस और चित्रकूट में यहां की पुलिस जंगलों में कांबिंग कर रही है, उससे इस बात को बल भी मिलता है।

चर्चा है कि जिले में कुकुरखवा का गिरोह सिर उठा रहा है। इस गिरोह में 12 हैं, बताया जा रहा है कि दो महिलाएं भी इसमें शामिल हैं। गिरोह में कई समुदाय के लोग हैं। हालांकि इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि न होने से ये महज कयास भी माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और मध्य प्रदेश के सतना-पन्ना जिले की पुलिस जंगलों में कांबिंग कर रही है। आसपास के ग्रामीण दावा करते हैं कि गिरोह जंगल और तराई क्षेत्र में घूम रहा है।

यह भी चर्चा है कि ठरी के एक निवासी ने गुमनाम रहते हुए गिरोह की पूरी जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि समय समय पर पुलिस की कांबिंग होती है, जिससे आपराधिक तत्व सिर न उठाने पाएं।

आम आदमी में पुलिस और सुरक्षा के प्रति आश्वस्ति रहे। बताया कि जहां तक नए गिरोह की बात है तो उनकी सतना एसपी से भी बात हुई है। गिरोह के जिन नामों की बात सामने आई है, उनमें से कई प्रधान रह चुके हैं। कई बांदा आदि जगहों पर अपना रोजगार कर रहे हैं। बताया कि कुकुरखवा का भी एक वीडियो आया है, जिसमें वह दिल्ली में किसी कारखाने में काम कर रहा है।

जिनके नाम हैं, वे सभी थाने में आकर हाजिरी लगाएंगे और अपना पता, मोबाइल नंबर आदि देकर जाएंगे। अभी तक ऐसी कोई गतिविधि सामने नहीं आई है, जिसके आधार पर गैंग की सक्रियता की पुष्टि की जा सके।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# युवाओं ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकास पथ सेवा संस्थान ने तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय छपरा में जागरूकता संगोष्ठी की।

संस्थान अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ने छात्रों को बताया कि तंबाकू एवं नशे का सेवन न केवल हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी प्रभावित करता है। डा. अशोक सिंह ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को आगे आने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चंद्रपाल सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. श्रवण, अमन आदि मौजूद रहे।

# समझा बुझाकर दो परिवारों को विघटन से बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में दो परिवारों में सुलह कराकर विघटन से बचाया गया। सपना पुत्री राजनारायण थाना पहाड़ी ने एसपी से शिकायत की थी कि पति राजेंद्र सहित अन्य ससुरालीजन दहेज के लिए मारपीट करते हैं और घर से निकाल दिया है। उधर, नेहा थाना राजापुर ने आरोप लगाया था कि पति अरुण कुमार ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

एसपी के निर्देश पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र गुड्डी देवी, आरक्षी मंजूलता पाल व पुलिस काउंसलर डा. सुरेश चंद्र जायसवाल ने दोनों परिवारों के दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। इस पर दोनों मामलों में पति-पत्नी विवाद भूलकर साथ रहने पर राजी हो गए।

# रोगों से बचाव के लिए जागरूकता और सफाई आवश्यक : ईओ

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


बैठक में मौजूद अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में संचारी रोग व मलेरिया की रोकथाम के लिए बैठक का आयोजन किया गया। मलेरियां की रोकथाम के लिए लोगों ने अपने विचार रखे। बाद में नगर पंचायत परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई।

अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने कहा कि गर्मी व वर्षा ऋतु में संचारी रोगों का प्रकोप बढ़ता है। इससे बचने के लिए सफाई आवश्यक है। घरों के पास पानी का भराव न होने दें। स्वच्छ जल का ही प्रयोग करें और संक्रमित व्यक्ति को पानी उबालकर ही पिलाएं। संक्रामक बीमारियों के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं। मलेरिया विभाग द्वारा समय समय पर हेल्थ वर्करों के माध्यम से इस संबंध में बताया जाता है। ईओ ने बताया कि सफाई नायक सहित एक सैकड़ा से अधिक सफाईकर्मियों को सुरक्षा किट दी गई है। इस मौके पर सभासद जितेंद्र सोनकर, देव गुलाम वर्मा, उदल प्रसाद, गजराज, तारिणी शुक्ला, रमन मोदनवाल, शंकर दयाल जायसवाल, राजेश तिवारी, ओमप्रकाश प्रजापति, मंगल पांडेय, चमन लाल रैकवार, अमित सोनी, पवन तिवारी, राहुल चौरसिया, मोनू मोदनवाल, विकास जायसवाल तथा सफाई नायक राकेश, धनराज, पुत्तीलाल, शेखर, दिनेश, मनीष, सुशील, सूरज आदि सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 30 से

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के आयोजन व 13 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई।

जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान, जो एक जुलाई से 30 सितंबर तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने बताया कि बैठक में जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर निस्तारण के लिए बल दिया। चिह्नित वादों की नोटिसों की तामीला अधिक से अधिक संख्या में कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज, राममणि पाठक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीलू मैनवाल अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी, रवि कुमार दिवाकर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी न्यू, राकेश कुमार भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सी. डि.), इला चौधरी सिविल जज सी.डि. एफटीसी, सैफाली यादव सिविल जज (जू.डि.), विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, अंशुमान यादव न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए लगेंगे शिविर

**चित्रकूट।** जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि लखनऊ की एक कंपनी जिला सेवायोजन कार्यालय में सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए शिविर लगाएगी। चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 3 व 4 जुलाई को विकास खंड पहाड़ी में, 7-8 को मानिकपुर में, 9 व 10 को रामनगर, 11 व 14 को मऊ तथा 15 व 16 जुलाई को कर्वी में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक शिविर लगेगा। 17 से 26 जुलाई तक जिला सेवायोजन कार्यालय में शिविर लगाया जाएगा।

## कहां से निकलें बच्चे...


**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पास के गांव उन्नायबन्ना में विद्यालय एवं शिक्षक तो है लेकिन सड़क नहीं। अभिभावक बताते हैं कि बच्चे प्रतिदिन ध्वस्त रास्ते से होकर जाते हैं। बरसात में बहुत ज्यादा दिक्कत हो जाती है। बताया कि कई बार अधिकारियों से स्कूल तक एक पक्की रोड के निर्माण की मांग की पर किसी ने सुनवाई नहीं की। ● अमृत विचार

# सार-संक्षेप

### असलहा बरामद, दो को दबोचा

**चित्रकूट।** मऊ थाने के एसआई अनिल कुमार ने लवकुश निषाद पुत्र कंधई निवासी ग्राम नोनई खजुरिया थाना रैपुरा, आलोक कुमार निषाद पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम बेलहा थाना मऊ को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में एसआई शहनवाज खां, आरक्षी नंदलाल और राकेश कुमार शामिल रहे।

### दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया

**चित्रकूट।** कोतवाली के अपराध निरीक्षक राजकुमार वर्मा ने दुराचार के आरोप में वांछित केदारनाथ पुत्र फूलचंद्र निवासी मऊ को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

### आईटीआई का प्रवेश परिणाम घोषित

**चित्रकूट।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर, दुष्यंत कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रवेश सत्र 2025 के लिए प्रथम चरण का प्रवेश परिणाम घोषित किया गया है। अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। आठ जुलाई तक चयनित संस्थान से संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।

### ट्रिपल-सी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास बेरोजगार युवक/युवतियों को निशुल्क 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन पत्र 14 जुलाई तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### हाईस्कूल इंप्रूवमेंट, इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 19 को

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट / कंपार्टमेंट तथा इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को होंगी। हाईस्कूल की परीक्षा प्रातः पाली में साढ़े आठ से 11:45 बजे तक होगी और इंटरमीडिएट के अभ्यर्थियों की परीक्षा सायंकाल की पाली में अपराह्न दो बजे से सवा पांच बजे तक होगी। परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में होगी। बताया कि हाईस्कूल इप्रूवमेंट / कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा / आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा 11 एवं 12 जुलाई को होंगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में होंगी।000

### एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों से संबंधित गांजा नष्ट किया

**चित्रकूट।** न्यायालय एनडीपीएस एक्ट कोर्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने बुधवार को एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से संबंधित माल को विनष्ट किया। बताया गया कि प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी वीर प्रताप सिंह, हेड मोहर्रर रियान राइन की उपस्थिति में इंसीनरेटर मशीन से एनडीपीएस एक्ट के सात मुकदमों से संबंधित 78 किलो 550 ग्राम गांजा नष्ट कराया गया।

### पीआरवी कर्मियों को प्रशिक्षित किया

**चित्रकूट।** बुधवार को डायल 112 प्रभारी निरीक्षक शंभू दयाल मौर्य, मुख्य आरक्षी विनय कुमार, आरक्षी रविकांत द्वारा ने पीआरवी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इनको वाहनों के नियमित अनुरक्षण, पीआरवी के सुचारु संचालन, कॉलर एवं प्रतिपक्षी से संवाद कौशल व संवेदनशीलता के साथ सद्व्यवहार करने, एटीआर लगाने, फीडबैक सकारात्मक रखने, एसओपी के अनुसार कैमरा का प्रयोग करने की जानकारी दी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### 24 घंटे में चोरी का खुलासा, आरोपी को दबोचा

**भरतकूप (चित्रकूट)।** पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर चोरी की घटना का खुलासा किया है। आरोपी से तमंचा-कारतूस और चोरी गया सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक जुलाई को रमाशंकर साहू निवासी भरतकूप मंदिर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दुकान का सामान खरीदकर कानपुर से भरतकूप आया था। रात हो जाने की वजह से चौराहे के पास मिठाई की दुकान के सामने बैठ गया था। इसी दौरान उसे नींद आ गई और कोई उसका सामान चोरी कर ले गया। एसआई अभिषेक ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी गुड्डू पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम विगगाय थाना बिसंडा को टिटिहरा रोड भरतकूप से गिरफ्तार किया। इससे पुलिस ने दुकान के सामान के साथ तमंचा व कारतूस बरामद किए।

### मार्ग निर्माण को लेकर ग्रामीणों में असंतोष

**चित्रकूट।** मड़ैयन-कैलहा संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप है कि काम में भारी अनियमितता की जा रही है। खानापूरी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। बरसात के मौसम में मिट्टी और कीचड़ के ऊपर से डामर डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ध्यान देने की अपील की।

### जन जागरूकता अभियान का समापन

**चित्रकूट।** सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए समाजसेवी संस्था के जन-जागरूकता अभियान का बुधवार को समापन हुआ। विज्ञान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मानिकपुर एवं मऊ विकासखंड के 60 गांवों में 18 दिवसीय जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत मोबाइल जागरूकता वैन ने लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। टीम ने गांवों में घर-घर सर्वेक्षण कर पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़ा।

लापरवाही | लघु सेतु कब बनेंगे मालूम नहीं पर और भी हैं दिक्कतें

# वैकल्पिक मार्गों की बदहाली से निकलना हो रहा दूभर

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


कौशिकी नाले के वैकल्पिक रास्ते का हाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लघु सेतुओं का निर्माण कार्य बाढ़ के पहले हो जाए तो बहुत बड़ी बात होगी। निर्माण के बीच पुलों के बगल से बने वैकल्पिक संपर्क मार्ग की बदहाली से लोगों का निकलना तक मुश्किल हो चुका है। फिसलन और कीचड़ के बीच लोगों के आवागमन से भारी मुसीबत मालूम हो रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब ठेकेदार और विभाग को मालूम था कि बरसात होगी तो मिट्टी के रास्ते में एक कदम भी चलना मुश्किल हो जाएगा। तो ऐसे में वैकल्पिक संपर्क मार्ग पर गिट्टी न डलवाना लापरवाही नहीं तो भला और क्या है।

मऊ मवई के बीच कौशिकी नाले में बनने वाले लघु सेतु के निर्माण से क्षेत्र की जनता में संतोष का भाव जरूर है कि बाढ़ में कम से कम नाव से तो नहीं निकलना पड़ेगा लेकिन इस संतोष के बीच लोगों में वैकल्पिक संपर्क मार्ग की बदहाली से मन में निराशा का भी भाव है। कीचड़ भरे इस मार्ग में आए दिन बच्चे, बड़े, बूढ़े फिसलकर गिर रहे, वहीं बाइक सवारों का निकालना भी दूभर हो चुका है। क्षेत्र के राजा पांडेय बताते हैं कि इस बदहाल रास्ते के चलते गांव जाने के लिए सोचना पड़ता है। जब हृष्ट पुष्ट आदमी इस रास्ते से निकलने के लिए चार बार सोचता है तो तीमारदारों की क्या दशा होती होगी। इस रास्ते पर पड़ने वाले मवई, बरवार, भिक्खी का डेरा सहित आधा दर्जन गांव मजरों के लोगों को आने जाने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने पीडब्ल्यूडी से मांग की है कि वैकल्पिक संपर्क मार्ग पर गिट्टी आदि डलवाई जाए कि लोग ठीक से निकल सकें।

### विभाग के नाकारापन से यह हाल : पंकज मिश्रा


कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कार्यदायी संस्था पर तंज कसते हुए कहा है कि विभाग के नक्कारेपन से ये हालत हुई है। क्या विभाग को मालूम नहीं था कि बरसात होगी तो कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाएगा। रास्ते पर जल्द से जल्द गिट्टी डलवाई जानी चाहिए कि लोग आराम से निकल सकें।

### जनता को परेशान करना मकसद : अनुज यादव


सपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने कहा कि विभाग और उसके ठेकेदार जनता को परेशान करने के हर तौर तरीकों को अपना रहे हैं। विभाग की लापरवाही में सत्ता के लोगों का खुला संरक्षण है, जिससे ये मनमुताबिक कार्य करते हैं।

### परेशानियां सुनने वाला कोई नहीं : अजयराज


समाजवादी पार्टी के यूथ ब्रिग्रेड के प्रदेश सचिव अजयराज त्रिपाठी ने कहा है कि जनता की परेशानियों को सुनने वाला कोई नहीं है। जनता परेशान हो चुकी है। सहूलियत का एक प्रतिशत भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभाग, ठेकेदार की लापरवाही पर शिंकजा कसने वाला कोई नहीं है।

### यह है जिम्मेदारों की बात...

वहीं पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता नीरज सक्सेना से जब बात की गई तो उन्होंने रास्ता दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। कहा कि इस संबंध में ठेकेदार को निर्देशित कर जल्द से जल्द सड़क पर गिट्टी डलवा दी जाएगी।

# सफाई कर्मी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**बिवांर (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के बांधुर मार्ग किनारे निवासी जयसिंह वर्मा (40) पुत्र भवानीदीन वर्मा विकासखंड मुस्करा के बांधुर खुर्द में सफाई कर्मचारी के रूप में तैनात है। वह शराब पीने का आदी है। बुधवार की शाम करीब छह बजे दाता नगर में बने दूसरे आवास पर छत में लगे जाल में रस्सी को डालकर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का पुत्र सूरज किसी काम से दूसरे घर में आया है तो पिता को फांसी में झूलते पाया। उसने इसकी सूचना परिजनों को दी। मृतक के पिता की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पिता की अकेली संतान थी। पिता ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था शराब के नशा में आत्महत्या कर ली है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,409.69 | 25,453.40 |
| गिरावट | 287.60 | 88.40 |
| प्रतिशत में | 0.34 | 0.35 |

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

### अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

### क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

नई दिल्ली, एजेंसी



- अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

# विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

मुंबई, एजेंसी



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई , विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

### 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल के मंडी में 5 शव बरामद, 34 लापता की तलाश जारी

शिमला, एजेंसी





हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 282 सड़कें बंद हो गईं और 1361 ट्रांसफॉर्मर तथा 639 जल योजनाएं बाधित हो गईं। एसईओसी के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान मंडी में हुआ, जहां बुधवार सुबह तक 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध रहीं और 633 ट्रांसफॉर्मर तथा 465 जल योजनाएं प्रभावित रहीं। एसईओसी ने बताया कि इसके अलावा 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, 30 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 लोगों सहित कुल 370 लोगों को बचा लिया गया है और 11 अब भी फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम, पुलिस और होमगार्ड के साथ जिले में खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इस बीच, राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी है। कसौली में पिछली शाम से 55 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद बग्गी में 54.8 मिलीमीटर, धरमपुर में 38.8 मिलीमीटर, मंडी में 36.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

### देश में 11 नदी निगरानी केंद्र पर चेतावनी स्तर के पार : सीडब्ल्यूसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

### संरा सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता पाकिस्तान को मिलने पर आलोचना की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने से रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने जुलाई के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली है।

### रथ यात्रा



पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को बहुदा यात्रा से पहले गुंडिचा मंदिर के सिंहद्वार (मुख्य द्वार) से दक्षिण द्वार तक खींचते सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय हथियार रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान 13 देशी पिस्तौलें, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, 18 कारतूस और अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया है।

### दिल्ली में पेट्रोल पंप मालिकों पर जुर्माना, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें समयसीमा समाप्त वाले वाहनों को ईंधन देने के नियम का पालन न करने पर पेट्रोल पंप मालिकों पर मुकदमा चलाने और जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई है। नियमों के अनुसार, दिल्ली भर के पेट्रोल पंपों को सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत एक जुलाई से समयसीमा समाप्ति वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने के लिए कहा गया है। 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

### पति-पत्नी व बच्चे को वित्तीय सहायता में देरी सम्मान से वंचित करने के समान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को अंतरिम भरण-पोषण आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें कुटुंब अदालत ने पति को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे।

# संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम आजाद व महेश कुमावत को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में हुई घटना के संबंध में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का इरादा 2001 के संसद हमले की भयावह यादें ताजा करना था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

# दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे। समिति यह भी अध्ययन करेगी कि इस औद्योगिक इकाई में श्रमिक सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाता है या नहीं।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

चंडीगढ़, एजेंसी



- पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका और परमबंस सिंह बंटी रोमाना को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए क्योंकि वह गुरद्वारे में मत्था टेकना चाहते हैं।

## एक नजर

### वेस्टइंडीजी खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12 .78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2 .3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# शतक से चूके जायसवाल, भारत के 5 विकेट पर 259 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : केएल राहुल, नायर और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट




### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**बर्मिंघम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए लेकिन उनके 87 रन की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को चाय तक तीन विकेट पर 182 रन बना लिए। चाय के समय कप्तान शुभमन गिल 109 गेंद में 42 और उपकप्तान ऋषभ पंत 28 गेंद में 14 रन बनाकर खेल रहे थे। चाय के बाद आगे का खेल जारी रखते हुए गिल ने अर्धशतक जड़ा वहीं, पंत बड़ी पारी खेलने से चूक गए और 25 रन पर बशीर की गेंद पर क्रॉली को कैच थमा बैठे। इसके बाद गिल का साथ देने के लिए मैदान पर आए नीतीश कुमार रेड्डी मात्र एक रन बनाकर वोक्स का शिकार हुए। भारतीय पारी को संभालने के लिए पिच पर रवींद्र जाडेजा 15 बनाकर खेल रहे है वहीं गिल (82*) अपनी समझदारी भरी बल्लेबाजी से शतक की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान भारतीय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 259 था। वहीं इंग्लैंड की ओर से वोक्स ने दो विकेट लिए।

दूसरे सत्र में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए। गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर शोएब बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया।

कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले ।बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव फिर बाहर हैं।


शुभमन गिल

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज को अधिक प्रयास जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच जीते, गॉफ व ज्वेरेव हुए बाहर




**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। विंबलडन में मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने हराया। विंबलडन में दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष व 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

**लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। क्वितोवा ने कहा, यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है। मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता।

# अमनजोत-रोड्रिग्स ने दिलाई भारत को 24 रन से जीत

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही।

हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। आज हमारी टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर 3 विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गई। अमनजोत ने ऋचा घोष (22 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 57 रन की साझेदारी की, जिससे भारत महिला क्रिकेट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रही।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ 'आपसी सहमति' पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने दोनों पक्षों पर कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द ही मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

**दुबई, एजेंसी**

### आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।

वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# गार्सिया के गोल से रियाल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

### क्लब विश्व कप



गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियाल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया। बीमारी के कारण वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहे और ग्रुप चरण के तीनों मैच में नहीं खेल पाए थे।

# फिर पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

- दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी दी थी अमेरिकी राष्ट्रपति ने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है। मंगलवार को ही ट्रंप ने 'स्पेसएक्स' के संस्थापक मस्क को दक्षिण अफ्रीका भेजने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने धमकी दी थी।

दरअसल 'एक्स' के मालिक मस्क ने हाल ही में सीनेट की ओर से पारित किए गए वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करते हुए इसे पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे, भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो।

इजराइल और हमास के बीच 60 दिवसीय युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा, जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए। ट्रंप ने विश्व के कई गंभीर संघर्षों को रोका है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ ट्रंप की गाजा में युद्धविराम की घोषणा वाली पोस्ट भी शेयर की है। गौरतलब है कि मई में अमेरिकी संसद के निचले सदन ने ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' को आगे बढ़ाया था जिसमें संघीय खर्च में कटौती के साथ गंभीर कर छूट का भी प्रावधान है।

# जापान को 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जापान को धमकी दी कि अगर दोनों देशों के बीच अगले सप्ताह की समय सीमा से पहले व्यापार समझौता नहीं होता है तो उस पर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने 2 अप्रैल को जापान पर 'मुक्ति दिवस' के हिस्से के रूप में 24 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।जापान पर लगाया गया 24 प्रतिशत शुल्क ट्रंप के 'मुक्ति दिवस' के एक भाग के रूप में था, जिसमें उन्होंने दुनिया भर के देशों पर आयात शुल्क लगाया था। ट्रंप ने इसी दिन दुनिया भर के देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

# दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें
# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### जापान: टोकारा द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में टोकारा द्वीप पर बुधवार को 5 .5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 3 :26 बजे आया, जिसका केंद्र लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 29 .2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 129 .2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। कागोशिमा प्रान्त के तोशिमा गांव में भूकंपीय तीव्रता 5 से कम थी। अन्य क्षेत्रों में जहां 3 या उससे अधिक तीव्रता दर्ज की गई। उन पर वर्तमान में निगरानी रखी जा रही है।

### स्वेज की खाड़ी में जहाज डूबा, चार की मौत

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी

## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान


वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई, जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं।

संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों-समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, और मानवीय सहायता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक नए, महत्वाकांक्षी और मजबूत एजेंडे की भी घोषणा की। इस बैठक में क्वाड देशों ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की दिशा में सहयोग कर आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए हमारी साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है। वक्तव्य में कहा गया, हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।


क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

### चारों देशों ने समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई के प्रति अपने कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी गतिविधियों में अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के लिए प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं की अचानक कमी और भविष्य की विश्वसनीयता के बारे में भी गहरी चिंता जताई।

# चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना खारिज की

**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को बुधवार को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। इस तरह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ तिब्बती बौद्ध के दशकों पुराने संघर्ष में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास उनके उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार होगा। इसके साथ ही दलाई लामा ने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं।

गादेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना दलाई लामा ने 2015 में की थी। रविवार को दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले उनकी यह घोषणा बीजिंग के साथ तनाव बढ़ाने वाली है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दलाई लामा की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दलाई लामा के पुनर्जन्म को धार्मिक परंपराओं और कानूनों के अनुरूप घरेलू मान्यता, स्वर्ण कलश प्रक्रिया और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन, विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# पाकिस्तान में बम धमाके से मारे गए चार सरकारी अफसर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ ने विस्फोट की निंदा की है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश


धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

# शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

**विवाद** कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।




मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।